हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



*प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत की छूट के अंतिम दिन रायपुर समेत प्रदेश के तमाम पंजीयन दफ्तरों में रिकार्ड रजिस्ट्री हुई। सुबह दफ्तर खुलने के पहले से ही रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी जो देर रात दफ्तर खुले रहने तक लगी रही। रायपुर में 30 तारीख को शाम 6 बजे के बाद सर्वर डाउन होने के कारण पंजीयन विभाग के ऑनलाइन सिस्टम लॉक हो गया था, जिसके बाद अप्वाइमेंट ले चुके कई लोगों की रजिस्ट्री नहीं हो पाई। ऐसे लोगों को उप पंजीयकों ने रविवार को रजिस्ट्री कराने के लिए बुलाया था, वहीं अंतिम दिन के लिए पहले से अप्वाइमेंट हो चुके थे। इसके कारण आखिरी दिन दफ्तर में सुबह से रात तक लोगों की भीड़ लगी रही।*


# 'छूट' कहीं छूट न जाए, इसलिए रजिस्ट्री दफ्तर में आधी रात तक भीड़, आज से नया रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

हरिभूमि की टीम ने प्रॉपर्टी रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत की छूट के अंतिम दिन पंजीयन दफ्तर की लाइव रिपोर्टिंग करने पहुंची। इस दौरान टीम ने रजिस्ट्री कराने पहुंचे कई लोगों से बातचीत भी की। इस बातचीत के दौरान पता चला कि कुछ लोगों को तीन दिन पहले तक यह जानकारी नहीं थी कि 30 प्रतिशत की छूट 31 मार्च को खत्म होने जा रही है। इसके बाद बढ़ी कीमत पर उन्हें रजिस्ट्री कराना पड़ता, वहीं कई लोगों का कहना था कि छूट से लोगों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छुट्टी के दिन रजिस्ट्री पर एक हजार लेना गलत



धरमपुरा निवासी महेंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को 6 बजे उसकी जमीन की रजिस्ट्री थी, लेकिन सर्वर ▶▶ शेष पेज 4 पर



### अंतिम दिन एक्स्ट्रा 6 घंटे खुला रहा दफ्तर

*क्लोजिंग माह एवं छूट अवधि का अंतिम दिन होने के कारण दफ्तर को खोले रहने का समय 6 घंटे बढ़ाया गया था। इसलिए सुबह 10 बजे रात 11 बजे तक दफ्तर खुले रहेंगे।*
*आशुतोष कौशिक, जिला पंजीयक रायपुर*

**राजनांदगांव**

### अवकाश के दिन पौने चार सौ रजिस्ट्री

मार्च के अंतिम दिनों में प्रदेश सरकार ने अवकाश के दिनों में भी पंजीयक दफ्तर संचालित करने का आदेश दिया था। राजनांदगांव जिले में भी 15 मार्च के बाद सभी अवकाश के दिनों में जमीन की खरीदी-बिक्री का पंजीयन किया गया। राजनांदगांव जिले में कुल छह अवकाश के दिनों में 384 रजिस्ट्री हुई है, जिससे सरकारी खजाने में 2.56 करोड़ रुपए का राजस्व हांसिल हुआ है। इनमें भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**धमतरी**

### रजिस्ट्री से 26 करोड़ रुपए का राजस्व



धमतरी में रविवार को उप पंजीयक कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री देर रात तक चलती रही। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 100 से अधिक रजिस्ट्री होने की संभावना बताई गई। शासन से मिले 29 करोड़ रुपए आय का लक्ष्य 10 प्रतिशत पीछे है। उपपंजीयक कार्यालय धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में विभाग को 23 करोड़ रुपए का टारगेट दिया था। इसके एवज में विभाग ने 26 करोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

**बिलासपुर**

### अंतिम दिन 200 रजिस्ट्री हुई

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रविवार को पंजीयन विभाग के दफ्तर में सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ जुटी रही। यहां देर रात तक अधिकारी-कर्मचारी भी अपना हिसाब-किताब दुरुस्त करने में जुटे रहे। रात 11 बजे तक का आनलाइन अपाइंटमेंट विभाग की ओर से जारी किया गया था और 12 बजे के बाद तक रजिस्ट्री होती रही। साल के अंतिम दिन तकरीबन 200 रजिस्ट्री हुई।







## रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन महारैली, विपक्षी नेताओं ने साझा किया मंच

# लोकतंत्र बचाओ रैली, 'इंडिया' ने कहा- चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' करना चाहते हैं पीएम मोदी

*दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ' रैली आयोजित की गई। इसमें विपक्ष के सहयोगी दलों के बड़े नेताओं ने मंच पर मौजूदगी दर्ज कराई। विपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं, ताकि भारी बहुमत से चुनाव जीतकर संविधान खत्म किया जा सके। 'इंडिया ने चुनाव आयोग के समक्ष पांच मांगे भी रखी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पक्ष में आवाज बुलंद की।

उन्होंने देश में लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने तथा लोकसभा चुनाव में निष्पक्षता सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिए गए '400 पार' के नारे को लेकर भी सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत माता पीड़ा में है अत्याचार नहीं चलेगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रैली में अपने पति का प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से जारी संदेश पढ़ते हुए कहा कि अत्याचार नहीं चलेगा और अरविंद केजरीवाल को लंबे समय तक सलाखों के पीछे नहीं रखा जा सकता। सुनीता ने किसी राजनीतिक रैली में अपने पहले भाषण में, लोगों से यह भी सवाल किया कि क्या केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा मुख्यमंत्री केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रही है। क्या उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।



### इंडिया के ये नेता हुए शामिल

इस महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल हुए। इसके अलावा एनसीपी (शरतचंद्र पवार) के शरद यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, वामपंथी नेता सीताराम येचुरी, डीराजा, दीपांकर भट्टाचार्य, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, आरजेडी के तेजस्वी यादव और टीएमसी के डेरेक ओ ब्रायन शामिल हुए।

### प्रियंका गांधी ने बताई इंडिया की 5 मांगें

- भारत के चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने चाहिए।
- चुनाव आयोग को चुनाव में हेरा-फेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी राजनीतिक दलों के खिलाफ आईटी, ईडी और सीबीआई द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को बलपूर्वक रोकना चाहिए।
- हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तत्काल रिहाई की जानी चाहिए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भाजपा बोली**

### यह परिवार बचाओ-भ्रष्टाचार छुपाओ रैली



महारैली पर भाजपा ने जमकर निशाना साधा है। उसका कहना है कि यह लोकतंत्र बचाओ रैली नहीं है, बल्कि वास्तव में यह 'परिवार बचाओ, भ्रष्टाचार, छुपाओ' रैली है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस, द्रमुक और राजद समेत कई नेताओं के भ्रष्टाचार के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि ये सभी आरोप 2014 से पहले के हैं जबकि विपक्ष आरोप लगा रहा है कि मोदी सरकार अपने राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उन्हें भ्रष्टाचार जांच में फंसा रही है। उन्होंने कहा, 'आज कहा जा सकता है कि अपने पुराने अपराधों को छिपाने के लिए राम मंदिर के खिलाफ जो भी पार्टियां थीं, जिन्होंने हिंदू धर्म के जनसंहार, देवी-देवताओं पर कई ▶▶ शेष पेज 4 पर

## शराब आज से महंगी

### नई दरें लागू होंगी आयोग ने दी मंजूरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से शराब की नई दरें लागू होंगी। राज्य सरकार ने अपनी नई आबकारी नीति के तहत देशी-विदेशी शराब की हर बोतल, अद्धी और पौवा पर अधोसंरचना शुल्क अधिरोपित किया है। इसकी वजह से शराब की कीमत में वृद्धि होगी। खास बात ये है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बीच यह बदलाव किया जा रहा है, लेकिन राज्य शासन को इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति मिल गई है। छत्तीसगढ़ में इस साल शराब की कीमतों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब देशी शराब की कीमत इतनी

वर्ष 2024-25 के लिए देशी मदिरा मसाला एवं प्लेन के लिए फुटकर विक्रय दर तय की है।

| नई दर | पैक साइज | कीमत | पुरानी दर |
|---|---|---|---|
| मसाला | 750 एमएल | 440 | 380 |
| प्लेन | 375 एमएल | 220 | 200 |
| मसाला | 180 एमएल | 110 | 110 |

### अधोसंरचना शुल्क इतना

देशी मदिरा के लिए 750 एमएल पर 80 रुपए, अद्धी पर 40 और पौवा पर 20 रुपए, विदेशी मदिरा स्प्रिट 767 एमएल से 1000 एमएल तक के लिए प्रति बोतल 120 रुपए, 495 एमएल से अधिक के लिए 80 रुपए, 246 एमएल से अधिक के लिए 40 रुपए, और 142 एमएल तक के लिए 20 रुपए। विदेशी माल्ट पर यह दर 20 और 10 रुपए होगी।

### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

हैदराबाद 162/8 Vs गुजरात 168/3
7 विकेट से जीती टाइटंस
3 विकेट : मोहित शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच

दिल्ली 191/5 Vs चेन्नई 171/6
20 रन से जीती दिल्ली
2 विकेट : खलील अहमद
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
मुंबई Vs राजस्थान
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### साय आज जाएंगे दिल्ली घोषणापत्र समिति की बैठक में होंगे शामिल



**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को सुबह रायपुर से दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की बैठक में शामिल होने के बाद रात को वापस लौटेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने एक दिन पहले ही चुनाव घोषणापत्र समिति का ऐलान किया है। इसमें केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। इसमें विष्णुदेव साय को सदस्य के रूप में शामिल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया गया



**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने और मंदिर के अंदर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। विदेशी पर्यटक की पहचान दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ के थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में हुई।

**पीएम मोदी बोले**

# भ्रष्टाचारी चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, होगा एक्शन




एजेंसी ▶▶ मेरठ

■ प्रधानमंत्री ने चुनाव अभियान की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जाट बहुल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेरठ की रैली से लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया। उन्होंने कहा कि 2024 का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनायेगा। इस बीच उन्होंने विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' गठबंधन पर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, एक्शन होगा, जरूर होगा। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। यहां केंद्रीय आलू ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मोदी का मंत्र है-भ्रष्टाचार हटाओ

पीएम मोदी ने कहा, प्यारे देशवासियों! मैं कहता हूं, मोदी की गारंटी कहती है, मोदी का मंत्र है-भ्रष्टाचार हटाओ और वे कहते हैं कि भ्रष टाचारी बचाओ। प्रधानमंत्री ने कहा, यह चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा एनडीए का जो भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है और दूसरा वो खेमा जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है, फैसला आपको करना है।

### तीसरी बार मोदी सरकार

पीएम मोदी ने कहा, आज पूरा देश कह रहा है, तीसरी बार मोदी सरकार. चार जून 400 पार। मैंने लाल किले से कहा था यही समय है, सही समय है। भारत का समय आ गया है, भारत चल पड़ा है।

### कांग्रेस ने श्रीलंका को दे दिया कच्चातिवु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीडिया में आयी एक खबर के हवाले से रविवार को कहा कि नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप 'संवेदनाहीन' ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। उन्होंने 'एक्स' पर एक खबर साझा करते हुए कहा, आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली खबर। नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कैसे संवेदनाहीन ढंग से कच्चातिवु दे दिया था। इससे प्रत्येक भारतीय नाराज है और लोगों के दिमाग में यह बात बैठ गयी है कि हम कभी कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकते।

## आडवाणी को भारत रत्न



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के दिग्गज नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को यहां उनके आवास पर जा कर उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' प्रदान किया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।*

# साय बोले-भाजपा सरकार में सब काम सांय-सांय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश में मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम सांय-सांय हो रहा है और कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं और उनकी पार्टी में चलाचली की बेला चल रही है, इसलिए लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को मटियामेट करने का समय आ गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर लोकसभा के अंतर्गत नगरी में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। श्री साय ने कहा कि सरकार में आते ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

श्री साय ने नगरी की जनता से कहा कि आज हम नरेंद्र मोदी के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उनकी वजह से भारत का डंका बज रहा है, पूरी दुनिया में देश का मान-सम्मान बढ़ रहा है। मेरा सौभाग्य था कि मोदी जी के पहले कार्यकाल में राज्यमंत्री के रूप में उनके साथ काम करने का अवसर मिला। मोदी जी ने पहले दिन से ही कहा था कि मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है।

## प्रमोशन नहीं मिला तो मौलिक अधिकार का हनन नहीं माना जा सकता

# सरकारी कर्मचारियों को नियमानुसार ही पदोन्नति का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शासकीय सेवक केवल प्रासंगिक नियमों के अनुसार पदोन्नति के लिए विचार किए जाने का अधिकार रखता है। नियमों में परिवर्तन या संशोधन के कारण पदोन्नति के अवसरों में यदि कोई कमी हो तो यह उसके मूलभूत अधिकार को प्रभावित नहीं करेगा। न ही यह मौलिक अधिकार हनन का मामला बनता है। हाईकोर्ट का यह फैसला न्याय दृष्टांत बन गया है। सुखसागर तांडे, दीपक कुमार व अनिल छारी ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ लोक निर्माण इंजीनियरिंग (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2015 की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया है। याचिका में मध्य प्रदेश लोक निर्माण यांत्रिकी (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1969 को निरस्त कर उप अभियंता व ड्राफ्ट्समैन के लिए अलग-अलग कोटा निर्धारित करने की मांग की गई है। दरअसल 1969 के नियम जिसमें 20 प्रतिशत की सीमा तक सब इंजीनियर (डिग्री धारक) के लिए अलग ▶▶ शेष पेज 4 पर



*याचिका में छत्तीसगढ़ लोक निर्माण इंजीनियरिंग सेवा भर्ती नियम-2015 की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया*

### पदोन्नति के लिए निर्धारित उपरोक्त कोटा में संशोधन

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन के दौरान उनकी भर्ती हुई थी। नियमों के मुताबिक सहायक अभियंता (सिविल) के रूप में पदोन्नत होने के लिए न्यूनतम आठ वर्ष की सेवा की आवश्यकता थी सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए 20 फीसद की सीमा तक अलग कोटा दिया गया था। अब शासन ने सहायक अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शासन ने पेश किया जवाब

याचिका पर जवाब देते हुए राज्य शासन की ओर से कहा गया कि विभाग की संरचना और पैटर्न के आधार पर फीडर कैडर में पदों की विभिन्न श्रेणियों के पक्ष में पदोन्नति के लिए कोटा तय करना शासन का विशेषाधिकार है, जो मुख्य रूप से नीति-निर्माण क्षेत्र से संबंधित है। पदोन्नति के लिए कोटा तय करने की राज्य की शक्ति को भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत समानता की संवैधानिक योजना का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता है। याचिकाकर्ता अपनी पदोन्नति की संभावनाओं में कमी से व्यथित हैं जो उनका मौलिक अधिकार नहीं है और इस प्रकार वे दावा नहीं कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने शासन के इस जवाब को स्वीकार किया है।




# हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



# विरासत में मिली राजनीति, राजीव गांधी के दोस्तों में रहे शामिल

## शिवेंद्र बहादुर ने लड़े हैं राजनांदगांव लोकसभा से सर्वाधिक छह चुनाव

*राजनांदगांव लोकसभा सीट से सर्वाधिक चुनाव जीतने का रिकार्ड कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवेंद्र बहादुर सिंह के नाम रहा है। उन्होंने इस सीट से तीन बार लोकसभा का चुनाव जीता है। वही इकलौते नेता हैं, जिन्होंने लगातार दो चुनावों में जीत हासिल की। हालांकि तीन दफा उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा। इनके पिता बिरेंद्र बहादुर सिंह और मां पद्मावती देवी भी इस सीट से एक-एक बार सांसद रहे।*



शिवेंद्र बहादुर सिंह

सत्यम शर्मा ▸▸ राजनांदगांव

परिवार से विरासत में मिली राजनीति को शिवेंद्र बहादुर सिंह ने न केवल संभाला, बल्कि उसे आगे ले जाने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के दोस्तों में भी शिवेंद्र बहादुर सिंह का नाम शामिल है। उस दौर के लोग बताते हैं कि शिवेंद्र बहादुर सिंह का पूरे प्रदेश में सिक्का चला करता था। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र को लेकर सारे निर्णय उनसे रायशुमारी के बाद ही लिए जाते थे। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल शिवेंद्र बहादुर सिंह ने अपना पहला चुनाव 1977 में खैरागढ़ विधानसभा से लड़ा था। उस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें मैदान में उतारा और वे जीत गए। इसके बाद 1974 और 1977 में भी जीत हासिल कर वे सांसद बने।

**राजीव गांधी के साथ दून स्कूल में की थी पढ़ाई**



**माता-पिता भी रहे सांसद**

### नागपुर में जन्म दिल्ली में भी पढ़े

*तीन बार के सांसद रहे शिवेन्द्र बहादुर सिंह का जन्म 7 जनवरी 1943 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दून स्कूल में हुई। यहां उनके साथ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी पढ़ा करते थे। यहीं उनकी मित्रता उनसे हुई थी। यहां शिवेन्द्र राजीव गांधी के साथ 1955 से लेकर 1962 तक पढ़े। इसके बाद दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज में स्नातक तक की उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। बाद में मध्यप्रदेश से कृषि का कोर्स भी उन्होंने किया।*

### पहला और अंतिम चुनाव हारे

*राजनीति के गलियारों में उस दौर के सबसे बड़े नाम रहे शिवेंद्र बहादुर सिंह को अपने पहले और अंतिम चुनाव में सफलता नहीं मिल पाई थी। उनके राजनीतिक जीवन के पहले चुनाव 1977 के विधानसभा चुनाव में खैरागढ़ सीट से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं उनके अंतिम चुनाव 1999 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा 1989 और 1996 में भी वे लोकसभा का चुनाव हारे थे। शिवेंद्र बहादुर सिंह का 31 दिसंबर 1999 को निधन हो गया।*

## आमने/सामने

### बस्तर और राज्य के विकास के लिए सरकार संकल्पित : विजय शर्मा



*प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, हमारी विष्णुदेव साय सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही साथ बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए भी कृत संकल्पित है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों में नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। नियद नेल्लानार का मतलब होता है आपका अच्छा गांव। भाजपा की प्रदेश सरकार ने अपने पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल में बस्तर का सर्वांगीण विकास किया।*

### डिप्टी सीएम से न कवर्धा संभल रहा न प्रदेश : भूपेश बघेल




*प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, लगता है डिप्टी सीएम विजय शर्मा की अभी से स्मृति क्षीण होने लगी है, जबकि अभी तो वे नौजवान हैं। यदि नक्सलियों की बात करें तो विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, उदय मुदलियार जैसे दर्जनों हमारे नेता नक्सलियों के हमले में शहीद हुए थे। पांच साल में तीन और तीन महीने में ही भाजपा कार्यकर्ता को नक्सलियों ने मार दिया। डिप्टी सीएम से न कवर्धा संभल रहा है और न ही प्रदेश।*

## बाागी हुए पप्पू, लड़ेंगे चुनाव 2 को नॉमिनेशन का ऐलान

### नहीं पहुंचे कांग्रेस की मीटिंग में

**पटना।** बिहार के पूर्णिया में लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस पार्टी में खींचतान एक बार फिर सामने आ गई। दफ्तर में पार्टी नेताओं की बैठक हुई जिसमें पप्पू यादव नजर नहीं आए। हालांकि इस मीटिंग में पूर्णिया से महागठबंधन की उम्मीदवार बीमा भारती जरूर नजर आईं। मीटिंग में कांग्रेस नेता बीमा भारती का स्वागत करते नजर आए और कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पप्पू यादव को लेकर भी बड़ा बयान दिया। बता दें कि पप्पू यादव कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। पूर्णिया सीट महागठबंधन के खाते में जाने और बीमा भारती को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने मोर्चा खोल दिया है। यादव ने 2 अप्रैल को नॉमिनेशन करने का ऐलान किया है। ऐसा करने पर उन्हें पार्टी से निकाले जाने की कार्रवाई भी हो सकती है।



## 'भाजपा को 200 का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं'



### टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने उड़ाया दावे का मखौल

कृष्णानगर (बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाया तथा उसे 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती दी। ममता ने यह भी कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को इस राज्य में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने लोगों से इसके लिए आवेदन न करने का अनुरोध किया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कृष्णानगर इलाके में टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कहा, "भाजपा कह रही है '400 पार', मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया था, लेकिन उसे महज 77 पर रुकना पड़ा।

### सीएए पर फैला रहे झूठ

भाजपा को 'जुमला' पार्टी बताते हुए टीएमसी सुप्रीमो ने उन पर सीएए के संबंध में "झूठ फैलाने" का आरोप लगाया और कहा, "सीएए पर मोदी की गारंटी शून्य गारंटी है।" उन्होंने इस महीने की शुरुआत में लगी चोट के बाद पहली रैली को संबोधित करते हुए कहा, "सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का जाल है। एक बार आप सीएए लागू कर देंगे तो उसके बाद राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू होगा।

*विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन के बीच राज्यों में सीट शेयरिंग के जमीनी हालात*

# बंगाल में तो पहले ही काम खराब, इधर पंजाब महाराष्ट्र में भी खिंची तलवार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में विपक्षी महागठबंधन (इंडिया) की बड़ी रैली हुई। रामलीला मैदान में एकत्र होकर विपक्षी दलों ने एकता का संदेश दिया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत लेफ्ट के नेता और कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सहित कई बड़े चेहरे इसमें नजर आए। ऐसे में लग रहा है कि पूरा विपक्ष एकजुट है। लेकिन सवाल है कि क्या इन दलों के बीच भी सबकुछ सही है। राज्यों में गठबंधन कितना कारगर और मजबूत है। आइए इसका जायजा लेते हैं।

## दिल्ली एकजुटता रैली तो ठीक है, पर क्या वाकई एकजुट हैं 'इंडिया'

### यूपी में इंडिया गठबंधन कितना मजबूत?

पहली नजर देश के सबसे बड़े यूपी पर डालते हैं। जहां बड़ी मुश्किल से और कई दौर की बातचीत के बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की सहमति बनी। वहीं, अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ चुका है। इससे पहले सीट शेयरिंग पर बात नहीं बना पाने की वजह से जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी इंडिया गठबंधन से अलग हो गई थी और बीजेपी के साथ चली गई थी। इसके अलावा मायावती पहले से इंडिया गठबंधन से दूरी बनाए हुए हैं। हालांकि, अब यूपी में सपा 63 और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



### बिहार में कहां फंस गया पेंच?

बिहार की बात करें तो यहां इंडिया अलायंस बड़ी मुश्किल से सीट शेयरिंग कर पाया. बावजूद इसके पूर्णिया सीट पर अभी भी पेंट फंसा हुआ है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए पप्पू यादव पूर्णिया सीट से लड़ने का दम भर रहे हैं। लेकिन ये सीट तो आरजेडी के खाते में जा चुकी है और तेजस्वी यादव की पार्टी पूर्णिया से बीमा भारती को मैदान में उतार भी चुकी है। पप्पू बगावत पर आमादा हैं। फिलहाल, राजद बिहार में 26, कांग्रेस 9 और लेफ्ट 5 सीटों पर लड़ने को राजी हुआ है।

### पश्चिम बंगाल में नहीं हो पाया गठबंधन

पश्चिम बंगाल में तो पहले ही काम खराब हो चुका है। ममता बनर्जी की पार्टी ने लेफ्ट या कांग्रेस किसी से भी गठबंधन नहीं किया है। टीएमसी सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसकी वजह से लेफ्ट और कांग्रेस मिलकर 42 सीटों पर लड़ेंगे और बंगाल में त्रिकोणीय फाइट देखने को मिल सकती है।

### पंजाब में खिंची तलवार

आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की बात करें तो दोनों दिल्ली में तो साथ हैं लेकिन पंजाब में दोनों पार्टियों के बीच तलवार खिंची हुई है। बहुत कोशिशों के बाद भी पंजाब में आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो पाया है। इसकी वजह से पंजाब में आप, कांग्रेस, अकाली दल और बीजेपी में चौतरफा लड़ाई देखने को मिल सकती है।

### महाराष्ट्र में कौन, किसके साथ?

महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन कितना मजबूत है इसका पता नहीं चल पा रहा है। क्योंकि शिवसेना और एनसीपी बंट चुकी हैं। दोनों का एक-एक धड़ा एनडीए के साथ है। नेता तो बंट गए लेकिन उनके कार्यकर्ता किसके साथ हैं ये तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा।

## चुनावों के दरमियान शुरू हो चुका है पार्टियों का पोस्टर वार



लगभग समूचा विपक्ष दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को एकत्र हुआ। इस दौरान जमकर पोस्टर वार भी नजर आया। बीजेपी ने पोस्टर अभियान चलाकर विपक्ष की रैली पर हमला बोला है। भाजपा ने अपनी पोस्टर में यह आरोप लगाया है कि पूरा विपक्ष भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने के लिए एकजुट हो गया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से भ्रष्टाचार को हटाने की बात कर रहे हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के रामलीला मैदान की तरफ जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों के चौराहों पर बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर लगाकर विपक्ष की रैली पर निशाना साधा है। इन पोस्टरों में आधी तरफ जेल में बंद किसी नेता की तस्वीर दिखाई गई है, वहीं दूसरी आधी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार पर वार करने की बात कहते हुए दिखाए गए हैं।

**एनडीए इंडिया गठबंधन को देंगे टक्कर**

# ओवैसी, पल्लवी ने बनाया पीडीए के जवाब में पीडीएम



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए यूपी में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की एंट्री हो गई है। पल्लवी पटेल की पार्टी अपना दल (कमेरावादी), राष्ट्र उदय पार्टी और प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के साथ मिलकर एआईएमआईएम ने गठबंधन कर लिया है। सभी मिलकर जल्द ही सीट बंटवारे का ऐलान कर सकते हैं। डॉ. पल्लवी पटेल की पहल पर साथ आए दलों ने भागीदारी के सवाल पर आगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने का ऐलान करते हुए उत्तर प्रदेश में नया राजनीतिक विकल्प पेश किया। पल्लवी पटेल और ओवैसी की संयुक्त प्रेस वार्ता में एक नया नारा दिया गया है, पीडीएम यानी पिछड़ा दलित मुसलमान।

### तीन सीटों पर है पटेल की पकड़

यूपी की तीन सीटें मिर्जापुर, कौशांबी और फूलपुर में पल्लवी पटेल की पार्टी की अच्छी पकड़ है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में ये तीनों सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। वहीं सपा तीनों सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। वहीं 2022 के यूपी विधान सभा चुनाव में अपना दल (कमेरावादी) ने चुनाव नहीं लड़ा था। हालांकि पल्लवी पटेल ने सपा के उम्मीदवार के तौर पर सिराथू सीट से चुनाव लड़कर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को 7 हजार से अधिक वोटों से हराया था।

## वोट मांगने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी लखमा ने खेली मुर्गा लड़ाई





**जगदलपुर।** लगातार 6 बार के विधायक और भूपेश सरकार में उद्योग एवं आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा अपने अलग अंदाज और वनवासियों के बीच उनके ही रंग में रंग जाने की जीवनशैली के कारण हमेशा चर्चा में रहते हैं। वे रविवार को चुनाव प्रचार के लिए पुसपाल पहुंचे थे, जहां साप्ताहिक बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वहीं बाजार में होने वाला पारंपरिक मुर्गा लड़ाई भी चल रही थी। इस बीच कवासी लखमा सीधे लड़ाकू मुर्गे को उठा लिया और सामने वाले ग्रामीण के मुर्गे के साथ लड़ा दिया। उनके इस बिंदास शैली को देख ग्रामीणों ने भी जमकर हल्ला करते हुए मजा लिया। लखमा ने कहा कि मैं अपने आदिवासी जीवनशैली को छोड़ नहीं सकता। हमारे आदिवासी जीवन में हर पल का मजा लेने का मौका रहता है। हाट बाजार में 20-25 गांव के ग्रामीण पहुंचते हैं इसलिए वोट मांगने आया था और जब मुर्गा लड़ाई चल रही थी तो मैं भी शामिल हो गया।

## दुर्लभ व्यापारी थे जेआरडी टाटा, चंदे को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा था पत्र

# 'नेहरू को साफ-साफ कह दिया था- मैं विपक्ष को भी चंदा दूंगा'



**खास बातें**

- नेहरू ने भी अपनी नीतियों का बचाव करते हुए उनके फैसले का किया था सम्मान
- जेआरडी मानते थे, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मजबूत विपक्ष जरूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चुनावी बांड खरीदारों के नामों में 'विशेष लोगों' की स्पष्ट कमी को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि इस योजना को राजनीतिक दलों की फंडिंग को उतना पारदर्शी नहीं बनाया, जितना दावा किया गया था। जिन छोटे लोगों के नाम शीर्ष दानदाताओं में सूचीबद्ध हैं, उन्होंने भोलेपन से केवल बदले में कुछ पाने के लिए ऐसा किया और उनके नाम आसानी से उजागर कर दिए गए। भारतीय उद्योग के बड़े खिलाड़ी लंबे समय से खेल के नियमों को समझते हैं। राजनेताओं को सभी प्रकार के एहसान गोपनीयता के आवरण में छिपाने होते हैं, ताकि किसी पर उंगली उठाना मुश्किल हो। इस संदर्भ में भारत के सबसे ईमानदार व्यापारियों में से एक जेआरडी टाटा द्वारा पंडित नेहरू को लिखे एक पत्र को याद रखना प्रासंगिक है। जेआरडी एक दुर्लभ भारतीय व्यापारी थे प्रधानमंत्री नेहरू को पत्र लिखकर यह बताया था कि वह विपक्ष को चंदा देंगे।



### नेहरू को टाटा का पत्र

1961 में वरिष्ठ राजनेता सी राजगोपालाचारी ने जेआरडी को अपनी नई बनी स्वतंत्र पार्टी में योगदान देने के लिए पत्र लिखा था। जेआरडी को पता कि उनकी कंपनी 'टाटा' कांग्रेस को फंड करती है, लेकिन उन्होंने महसूस किया कि एक मजबूत विपक्ष की अनुपस्थिति में कोई भी लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता, इसलिए उन्होंने उद्योग घरानों द्वारा विपक्ष को भी वित्तपोषित करने को देशभक्ति माना। अपने साथी व्यापारियों के विपरीत जिन्होंने स्वतंत्र पार्टी को गुपचुप तरीके से फंड दे रहे थे, जेआरडी ने नेहरू को स्पष्ट रूप से लिखा कि वह स्वतंत्र पार्टी को भी दान देंगे क्योंकि यह एक रचनात्मक विपक्ष को वित्तपोषित करने का एकमात्र विकल्प है। शायद आज के किसी भी उद्योगपति में ऐसा पत्र लिखने की हिम्मत नहीं होगी। वर्तमान में भी राहुल भाटिया, किरण मजूमदार-शॉ और एल एन मित्तल, उद्योग जगत के अधिकांश बड़े नामों की तुलना में अपने दान को कम गुप्त रखते हैं, लेकिन उनकी उदारता भी केंद्र या राज्य में सत्ताधारी दलों के लिए होती है।

### नेहरू का ये था जवाब

नेहरू ने जेआरडी को जवाबी पत्र में लिखा था, 'बेशक, आप स्वतंत्र पार्टी की किसी भी तरह से मदद करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि आपकी यह आशा कि स्वतंत्र पार्टी एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरेगी, उचित है। मुझे लगता है कि अगले आम चुनाव में उसे निराशा होगी। ऐसा लगता है कि इसकी न तो भारत की जनता और न ही बुद्धिजीवियों के बड़े हिस्से के बीच कोई आधार है।" जाहिर है नेहरू ने जेआरडी टाटा को ना सिर्फ विनम्रता से जवाब दिया बल्कि अपनी नीतियों का बचाव करते हुए उनके फैसले का सम्मान भी किया।

रायपुर
सोमवार, 1 अप्रैल 2024
चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 22, अंक : 253
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 38.8
न्यून. 28.0

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## रोहन बोपन्ना ने रिकॉर्ड 44 की उम्र में जीता खिताब



युगल में जीता मियामी ओपन

1.42 घंटे चला खेल
6वां एटीपी खिताब
26वीं युगल ट्रॉफी

6-7 (3) 6-3 10-6 से जीता मैच

मियामी। 44 वर्षीय भारतीय स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने शनिवार देर रात फ्लोरिया में चल रहे मियामी ओपन में पुरुष डबल्स का खिताब जीत लिया। बोपन्ना और एब्डेन ने मियामी में एक घंटे 42 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की।

### बने वर्ल्ड नंबर 1

बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया।

# पैन को आधार से लिंक कराना होगा जरूरी, एनपीएस लॉगिन का बदल जाएगा सिस्टम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत 1 अप्रैल से हो गई। नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे पैसों से जुड़े नियम हैं, जो बदल जाएंगे। पहली अप्रैल से एसबीआई बैंक के डेबिट कार्ड का चार्ज बढ़ जाएगा। एलपीजी सिलेंडर गैस की कीमतें तय होंगी और एनपीएस में लॉगिन का तरीका बदल जाएगा। सरकार ने पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है।

अलग खबर

### एनपीएस के लिए यह जरूरी

एनपीएस खाते के लॉगिन के नियमों में बदलाव होने जा रहा है। पीएफआरडीए ने एनपीएस खाते में आधार-बेस्ड ऑथेंटिकेशन को अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में अब एनपीएस खाते में लॉग इन करने के लिए आईडी पासवर्ड के साथ ही आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भी दर्ज करना होगा।

### आज से कई बदलाव, आम लोगों की जेब पर सीधे तौर पर पड़ेगा असर



### टैक्स का नया सिस्टम

नए वित्त वर्ष से न्यू टैक्स रिजीम डिफॉल्ट टैक्स रिजीम बन जाएगी। अगर कोई व्यक्ति किसी भी टैक्स रिजीम का चुनाव नहीं करता है तो उसका आईटीआर नए टैक्स रिजीम के तहत ही भरा जाएगा।

### एसबीआई डेबिट कार्ड की फीस बढ़ी

एसबीआई ने ग्राहकों को झटका देते हुए अपने डेबिट कार्ड की सालाना मेंटेनेंस फीस को बढ़ाने का फैसला किया है। नए नियम कल से लागू हो जाएंगे। इसके अलावा एसबीआई क्रेडिट कार्ड से रेंट पेमेंट पर मिलने वाले रिवार्ड प्वाइंट को भी बंद किया जा रहा है।

### बिना केवाईसी फास्टैग निष्क्रिय

नए वित्तीय वर्ष से बिना केवाईसी किए गए फास्टैग को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। 1 अप्रैल से पहले फास्टैग में केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य हो गया है।

### नौकरी बदलते ही ट्रांसफर हो जाएगा पीएफ खाता

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। नए वित्त वर्ष में अगर कोई कर्मचारी नौकरी बदलता है तो ऐसे में उसका पीएफ खाता अब खुद ब खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले सब्सक्राइबर्स की रिक्वेस्ट पर ही इसे ट्रांसफर किया जाता था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार खाई में गिरी, तीन की मौत, 11 घायल



नई टिहरी। उत्तराखंड के टिहरी जिले में रविवार को एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई और इस हादसे में 11 घायल हो गए। नरेंद्रनगर के थाना प्रभारी गोपाल दत्त भट्ट ने बताया कि यह घटना सुबह करीब नौ बजे गजा तहसील में गजा-दंदचाली-चंबा मोटर मार्ग पर दुवाकोटिधार के पास हुई।

### कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणापत्र




नई दिल्ली। कांग्रेस ने पांच अप्रैल को अपना घोषणापत्र जारी करने की शनिवार को घोषणा की। उसने 'अंतिम क्षण' में घोषणापत्र समिति गठित करने को लेकर भाजपा पर कटाक्ष भी किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 16 मार्च को 'पांच न्याय', '25 गारंटी' जारी की।

### 'गैंगस्टर' सुरेंद्र के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क




नई दिल्ली। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत 'गैंगस्टर' सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपए की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं।

### पोर्न शूट करने वाले 13 आरोपी गिरफ्तार



पुणे। लोनावला में अश्लील वीडियो बनाने वाले 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, अर्णव विला में यह गोरखधंधा दो दिन से चल रहा था। यहां अलग-अलग राज्यों के युवक-युवतियां पकड़े गए हैं। पुलिस को कुछ अश्लील वीडियो मिले हैं, जिनकी जांच पड़ताल की जा रही है।

### भूस्खलन से श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध



बनिहाल। जम्मू कश्मीर के रामबन जिले के कुछ इलाकों में रात भर हुई बारिश के बाद भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया। बनिहाल क्षेत्र में नचलाना के पास किश्तवारी पाथेर में भारी भूस्खलन हुआ, जबकि मिट्टी धंसने से रामबन सड़क अवरुद्ध हो गई।

### दो दिन पहले आयकर विभाग ने 1823 करोड़ भुगतान करने को कहा था

# कांग्रेस को एक और झटका, अब 1745 करोड़ का नोटिस, देने होंगे 3567 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला। इसके जरिए आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपए के कर की मांग की गई है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपए के कर की मांग की जा चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपए), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपए) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपए) से संबंधित हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई 'तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों' के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है। मुख्य विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपए का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपए पहले ही निकाल लिये हैं। कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपए की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। पार्टी इस संबंध में आयकर अपीलीय अधिकरण और उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में विफल रही है।

*कांग्रेस की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। आयकर विभाग ने कांग्रेस को 1745 करोड़ रुपए का नया नोटिस थमाया है। इससे पहले शुक्रवार को करीब 1,823 करोड़ रुपए का भुगतान करने को कहा गया था। नए नोटिस के साथ आयकर विभाग ने कांग्रेस को 3567 करोड़ रुपए की डिमांड की है। इधर, कांग्रेस ने हाईकोर्ट से झटका मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है।*

### कांग्रेस की तीन याचिकाएं पहले ही हो चुकी हैं खारिज

#### थर्ड पार्टी एंट्रीज के लिए भी लगा टैक्स

आयकर विभाग ने कांग्रेस पर थर्ड पार्टी एंट्रीज के लिए भी टैक्स लगाया है। ये एंट्रीज कथित तौर पर छापे के दौरान इसके कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई थीं। शुक्रवार को कांग्रेस को विभाग से नोटिस मिला था, जिसमें टैक्स के रूप में 1823 करोड़ रुपये की भारी रकम मांगी गई थी। अधिकारियों ने पिछले साल से संबंधित टैक्स मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपए पहले ही निकाल लिए हैं।




#### सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

कांग्रेस ने आयकर विभाग द्वारा जारी 135 करोड़ रुपए की वसूली नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इस मामले में सोमवार एक अप्रैल को सुनवाई होने की संभावनाएं हैं। कांग्रेस नेताओं ने तर्क दिया कि अन्य डायरियों में भाजपा नेताओं के नाम वाली इस तरह की थर्ड पार्टी की एंट्रियों पर कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने भाजपा पर 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान टैक्स टेरेरिज्म में शामिल होने और प्रमुख विपक्षी दल को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का आरोप लगाया है।

#### हाईकोर्ट से लगा झटका

इससे पहले, गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने पार्टी को झटका दिया था। अदालत ने टैक्स अधिकारियों की ओर से उनके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए टैक्स पुनर्मूल्यांकन प्रोसिडिंग शुरू करने को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिकाओं को खारिज कर दिया। दिल्ली हाईकोर्ट की बेंच ने अपने आदेश में कहा कि कांग्रेस के खातों में कई बेहिसाब लेनदेन थे। आयकर अधिकारियों के पास उनके पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त और ठोस सबूत मौजूद थे। इनके आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। मौजूदा मामला आकलन वर्ष 2017 से 2021 तक का है।

#### कांग्रेस ने केंद्र पर लगाया आरोप

इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक रूप से 'पंगु' बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी की एक हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी के बैंक खातों से जबरन पैसा लिया जा रहा है।

### केबल में शार्ट सर्किट बनी वजह

## तारपीन तेल में आग, दम घुटने से मां-बेटे की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दयालबंद स्थित मधुबन में राशन दुकान संचालक के घर के दरवाजे के पास रखे 4 ड्रम तारपीन तेल में रविवार की शाम केबल में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे ड्रम फूटने लगे और भीषण रूप लेते हुए आग घर के अंदर तक फैल गई।

- दयालबंद मुधबन में हुई भीषण दुर्घटना

घर से बाहर नहीं निकल पाने और धुंआ भरने से मां और बेटा टायलेट में घुस गए, परन्तु वे खुद को नहीं बचा सके। दम घुटने से मां, बेटे की मौत हो गई। रविवार की शाम 6.30 बजे दयालबंद मधुबन रोड में इलेक्ट्रिक पोल पर लगे केबल में आग लग गई। इससे मोहल्ले में रहने वाले राशन दुकान संचालक रूमी कश्यप के घर के दरवाजे के पास लगे मीटर में शार्टसर्किट होने लगा और चिंगारी निकलने लगी, इससे मीटर के नीचे रखे 4 ड्रम तारपीन तेल में आग लग गई।

#### विधायक पहुंचे अपोलो

हादसे की जानकारी लगते ही नगर विधायक अमर अग्रवाल समर्थकों के साथ अपोलो हास्पिटल पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें घटना की जानकारी देते हुए मां बेटे की मृत्यु होने की जानकारी दी। श्री अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को शीघ्र चार - चार लाख रुपए मुआवजा दिलाने का आदेश दिया है।

#### मां बेटे की हुई मौत

मकान में रखे तारपीन तेल के ड्रम में आग लगने से पूरे मकान में धुंआ भर गया था। अंदर में फंसे मां बेटे की धुंआ से दम घुटने पर मौत हो गई है। मां बेटे के शव को मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। आग कैसे लगी इसकी जांच की जाएगी।
**- उमेश कश्यप,** एडीशनल एसपी, सिटी

### निर्वाचन अधिकारियों की कार्रवाई

## पूर्व सीएम केसीआर की गाड़ी रोककर तलाशी



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

निर्वाचन अधिकारियों ने चुनावी ड्यूटी के तहत रविवार को उस बस की तलाशी ली, जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव यात्रा कर रहे थे। राव बस में राज्य के सूर्यापेट जिले की ओर जा रहे थे।

तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा, जिसके लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है। बीआरएस के सूत्रों के मुताबिक के.चंद्रशेखर राव अपने दौरे के तहत कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए सूर्यापेट जा रहे थे। ये कृषि क्षेत्र कथित तौर पर सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बीआरएस सूत्रों ने कहा कि जिले के एडुलापर्रे टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केसीआर किसानों के सामने पैदा हुए सूखे जैसे हालात के मद्देनजर उनमें विश्वास पैदा करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे थे।

#### किसानों से बातचीत के दौरान जांच

बीआरएस सूत्रों ने कहा कि जिले के एडुलापर्रे टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केसीआर किसानों के सामने पैदा हुए सूखे जैसे हालात के मद्देनजर उनमें विश्वास पैदा करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे थे।

#### पूर्व मंत्री कांग्रेस में शामिल

दूसरी ओर, बीआरएस के मौजूदा विधायक व पूर्व मंत्री के. श्रीहरि और उनकी बेटी के. काव्या रविवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने पहले भी श्रीहरि को पार्टी में शामिल होने के लिए न्योता दिया था।

### इधर, केंद्रीय मंत्री के काफिले पर हमला



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के खतौली क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा के दौरान कुछ युवकों ने पथराव कर कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। शनिवार रात खतौली थाना क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की चुनावी सभा आयोजित की जा रही थी तभी कुछ अराजक तत्वों ने उनके काफिले में शामिल कई गाड़ियों पर पथराव कर दिया, जिससे उनके शीशे टूट गए। पथराव करने वाले लोगों ने नारेबाजी भी की। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### भारतीय सेना ने किया परीक्षण

## सतह से हवा में कई टारगेट निशाना साधेगा 'आकाश'



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह भारत के रक्षा बलों के ताकत को बढ़ाने और परिचालन का आकलन करने के लिए नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में किया गया, जो सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है।

#### वायुसेना में 2015 में शामिल किया गया था

भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना के लिए दो मिसाइल संस्करण बनाए गए हैं। भारतीय सेना ने मई 2015 में आकाश मिसाइलों के पहले बैच को शामिल किया। पहली आकाश मिसाइल मार्च 2012 में भारतीय वायु सेना को सौंपी गई थी।

## अचानक बारिश और तूफान से चार की मौत, कई घायल, उड़ी एयरपोर्ट की छत

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी/कोलकाता

उत्तरी पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भी बारिश और तूफान ने कहर बरपाया। तूफान के कारण यहां चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए। इधर, तूफान से गुवाहाटी हवाईअड्डे की छत उड़ गई। अचानक हुई तेज बारिश-तूफान और ओलावृष्टि से असम में घरों, फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, गुवाहाटी हवाईअड्डे पर भी पानी भर गया है। बाढ़ के कारण वहां दीवारों, छतों को भारी नुकसान पहुंचा है।



#### छह उड़ानें डायवर्ट

सीएओ बरुआ ने कहा कि वे खुद हालात की जानकारी ले रहे हैं जिससे यात्रियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तूफान और भारी बारिश के कारण दृश्यता कम हो गई और हमें छह उड़ानें डायवर्ट करनी पड़ीं हैं।

#### जलपाईगुड़ी में ऐसा कहर

वहीं, जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में भी बारिश और तूफान ने कहर बरपाया। तूफान के कारण यहां चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में राजारहाट, बरनीश, बकाली, जोरपाकडी, माधबडांगा और सप्तीबारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सेनपारा के दिजेंद्र नारायण सरकार (52), पहाड़पुर की अनिमा बर्मन (45), पुतिमारी के जगन रॉय (72) और राजारहाट के समर रॉय (64) के रूप में हुई है। मैनागुरी के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गए।

### आयकर, सीबीआई की जांच में बड़ा खुलासा

## गोवा में 'आप' की 'रिश्वत' राशि का किया इस्तेमाल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई और आयकर विभाग ने भी अलग-अलग जांच में ईडी के दावे की 'पुष्टि' की है कि दिल्ली आबकारी मामले में 45 करोड़ रुपए की कथित रिश्वत का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने 2022 के गोवा चुनाव प्रचार के लिए किया। अदालत में दाखिल दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। इस मामले में ईडी हवाला ऑपरेटर और अंगड़िया के एक विस्तृत नेटवर्क की भी जांच कर रही है। ईडी ने आबकारी मामले में हाल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

#### अब तक 16 गिरफ्तार

ईडी द्वारा इस मामले में गिरफ्तार किए गए 16 प्रमुख लोगों में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान पार्षद के. कविता, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह शामिल हैं।




#### ईडी का ऐसा दावा

ईडी ने दावा किया है कि 45 करोड़ रुपए की राशि धन शोधन रोधी कानून के तहत 'अपराध से अर्जित आय' है। ईडी का दावा है कि यह नेताओं और शराब कारोबारियों के 'साउथ ग्रुप' द्वारा आम आदमी पार्टी को दी गई कुल 100 करोड़ रुपए की रिश्वत राशि का हिस्सा है। एजेंसी ने दावा किया है कि दिल्ली शराब बाजार में प्रमुख स्थान हासिल करने के लिए यह रकम दी गई। ईडी ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी ने गोवा चुनाव प्रचार के लिए 45 करोड़ रुपए खर्च किए थे।

#### आप ने किया आरोपों से इंकार

आप और उसके नेताओं ने किसी भी गड़बड़ी के आरोपों से बार-बार इंकार किया है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि यह मामला भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा आप को भ्रष्ट पार्टी के रूप में पेश करने के लिए माहौल बनाने का प्रयास है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि मामले में शामिल अन्य लोगों जैसे तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) के लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, उनके बेटे राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत रेड्डी के बयान केजरीवाल को फंसाने तथा आगामी चुनावों में उनकी भागीदारी को रोकने के लिए बदल दिए गए।

## चिंतन

# राजग व इंडिया की रैली से बढ़ीं सियासी गर्मियां

आज सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक साथ मिशन 2024 के लिए अपने-अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के मेरठ से तो विपक्ष ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान से जनता से संवाद किया। पीएम मोदी ने अपने जनसंबोधन में जहां कांग्रेस के भ्रष्ट अतीत, परिवारवाद व विफलता पर करारा वार किया और मोदी 3:0 का रोडमैप पेश किया, जिसमें भारत को विकास के अगले चरण में ले जाने की रूपरेखा है, वहीं विपक्षी नेताओं के संबोधन के केंद्र में पीएम मोदी व भाजपा पर प्रहार और संविधान व लोकतंत्र पर खतरा आदि की रटे-रटाए आरोप रहे। रामलीला मैदान में जिस तरह अरविंद केजरीवाल व हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में इंडी गठबंधन के 27 दलों के नेता एक मंच पर आए, और विपक्षी एकजुटता का परिचय दिया, उससे लगा कि 'इंडिया' मिशन 2024 के लिए कोई रोडमैप पेश करेगा। कम से कम कांग्रेस से तो ऐसी उम्मीद थी। लेकिन यह विपक्ष का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि उसने नेता, नीति, नए एजेंडे आदि पर कुछ भी नहीं कहा। अब जबकि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान महज 19 दिन बाद ही होना है, ऐसे में इंडी गठबंधन 273 का जादुई आंकड़ा कैसे पार करेगा, गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री कौन होगा, गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान कैसे सुलझेगी, चुनाव प्रचार अभियान किस तरह चलेगा, घोषणा-पत्र इंडिया का होगा या कांग्रेस का, विकास की कार्ययोजना क्या होगी, रोजगार सृजन का एजेंडा क्या होगा, महंगाई थामने की नीति क्या होगी, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा पर नीति क्या होगी, विदेश नीति व आर्थिक नीति क्या होगी, जाति गणना से क्या हासिल होगी, भ्रष्टाचार का खात्मा कैसे होगा आदि पर स्पष्ट रूप से बात होनी चाहिए थी। इंडिया के लिए यह रैली एक अच्छा मौका था, जतना के सामने अपना एजेंडा रखने का, पर विपक्ष मोदी व भाजपा विरोध सिंड्रोम से बाहर निकल ही नहीं पा रहा है। घूम फिरकर विपक्ष एक ही राग अलापता रहता है कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। रामलीला मैदान से 'इंडिया' गठबंधन ने पांच सूत्री मांगें रखी हैं। ये हैं- केजरीवाल व हेमंत सोरेन की रिहाई, लोकसभा चुनाव में समान अवसर, जांच एजेंसियों की कार्रवाई रोकने, विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने और चुनावी चंदे व मनी लॉड्रिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन। इन मांगों में कहीं से भी राष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं है। क्या कांग्रेस, सपा, राजद, एनसी, एनसीपी (पवार), शिवसेना (उद्धव), डीएमके, झामुमो आदि दल परिवारवाद, वंशवाद से मुंह मोड़ सकते हैं? क्या कांग्रेस के समय कोल, टूजी, आदर्श, राष्ट्रमंडल खेल आदि घोटाले नहीं हुए, क्या एनसीपी-कांग्रेस सरकार के समय महाराष्ट्र में सिंचाई घोटाला नहीं हुआ, क्या चारा घोटाला नहीं हुआ? क्या झारखंड में जमीन घोटाला नहीं हुआ? क्या दिल्ली में शराब नीति घोटाला नहीं हुआ? तो क्या सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन नहीं लेगी? विपक्ष के मंच पर जितने भी नेता जुटे, उन्हें खुद के कृत्यों पर आत्मचिंतन करना चाहिए। इंडी गठबंधन के दल या तो परिवारवादी-वंशवादी है या व्यक्तिवादी। विपक्षी दल, नेता और विपक्षी गठबंधन किसी भी रूप में कोई राजनीतिक उम्मीद नहीं जगाते हैं, लगता है सब केवल और केवल सत्ता पाने के लिए इकट्ठे हुए हैं और इसलिए वे केवल पीएम मोदी व भाजपा पर आरोप लगाते हैं। बेहतर होता कि विपक्षी गठबंधन जनता का विश्वास जीतने के लिए राष्ट्र निर्माण का एजेंडा प्रस्तुत करें। एक ही दिन राजग व इंडिया की रैली से राजनीतिक सरगर्मियां जरूर तेज हो गई हैं।

## लोकसभा चुनाव

चेतनादित्य आलोक



# ठाकरे बनाम ठाकरे की तैयारी

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद महाराष्ट्र के दोनों प्रमुख गठबंधनों राजग और महाविकास आघाड़ी(एमवीए) के बीच राजनीतिक संग्राम दिनोंदिन तेज होता जा रहा है। भाजपा की ओर से चली गई महज एक चाल में ही समस्त विपक्षी पार्टियों के हौसले पस्त प्रतीत होते हैं। दरअसल, भाजपा ने राज ठाकरे नीत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से चुनावी तालमेल कर तमाम राजनीतिक समीकरणों को धराशायी कर दिया है। राज ठाकरे के राजग में आ जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) पर महाविकास आघाड़ी की नीतियों और एजेंडे को छोड़ने तथा अपने राजनीतिक एजेंडे में 'हिंदुत्व' एवं 'मराठी मानुस' को शामिल करने का दबाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर हिंदुत्व एवं मराठी मानुस के प्रभाव वाली सीटों पर मनसे, शिंदे गुट और राजग के मैदान मार ले जाने की पूरी संभावना है। वास्तव में ये ही वे मुद्दे हैं, जिनको आधार बनाकर शिवसेना दो-फाड़ हुई थी। बहरहाल इसी दबाव के कारण ही महाविकास आघाड़ी के सभी दल 2024 के दंगल में 'एकला चलो की नीति अपनाने पर मजबूर हुए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना (यूबीटी) का महाविकास आघाड़ी से अलग होना निश्चित ही था, क्योंकि राज ठाकरे के भाजपा के साथ आ जाने से उसकी 'हिंदुत्व' एवं 'मराठी मानुस' वाली राजनीति के समाप्त होने का खतरा मंडराने लगा था। वहीं, दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी के इस आंतरिक बिखराव को रोकने के लिए शरद राव पवार की बेटी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने राज को महाविकास आघाड़ी में आने का न्योता देकर ठाकरे बंधुओं की लड़ाई का लाभ भाजपा को लेने से रोकने की भरपूर कोशिश की, किंतु बात नहीं बन सकी। हालांकि राज को सुप्रिया के बुलावे पर संजय राउत ने तंज कसते हुए सुप्रिया से अवश्य पूछ लिया कि क्या पवार साहब इस बात पर सहमत हैं। तात्पर्य यह कि महाराष्ट्र में अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि 2024 के दंगल में 'ठाकरे बनाम ठाकरे' होकर ही रहेगा। शिवसेना के पुराने समर्थकों के एक बड़े समूह का झुकाव तो पहले ही शिंदे के आने से राजग की तरफ हो चुका है, अब राज ठाकरे के आ जाने से भाजपा उद्धव ठाकरे को मिलने वाली सहानुभूति वोटों को भी अपनी ओर करने में सफल हो सकती है। ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे की शिवसेना से शिफ्ट होने वाले मराठी वोटरों के लिए दो ही विकल्प दिखाई देते हैं- या तो वे राज ठाकरे का नेतृत्व स्वीकार कर मनसे के प्रत्याशी को वोट करें अथवा शिवसेना के शिंदे गुट के पाले में शिफ्ट हो जाएं। दोनों ही स्थितियों में राजग को फायदा होगा। राज ठाकरे की आक्रमक छवि का चुनावी लाभ भी भाजपा को मिलने की संभावना है। वहीं, राज ठाकरे को अपने पाले में करके शिवसेना शिंदे गुट की ज्यादा लोकसभा सीटों की मांग वाली 'प्रेशर पॉलिटिक्स' की काट भी भाजपा ने ढूंढ निकाली है। तात्पर्य यह कि एकनाथ शिंदे ने यदि अधिक मोल-भाव किया और भाजपा ने उन्हें गठबंधन से बाहर का रास्ता दिखा दिया तो वे कहीं के नहीं रहेंगे, यह उन्हें भी पता है। राज ठाकरे ने राजग में शामिल होने के बाद लोकसभा की दो सीटें मांगी हैं-दक्षिण मुंबई और शिरडी की। मराठी वोट की प्रखर राजनीति करने के कारण राज ठाकरे को उम्मीद है कि उनकी पार्टी मराठी बहुल दक्षिण मुंबई क्षेत्र में जीत दर्ज कर सकती है और कमोबेश ऐसी ही स्थिति शिरडी लोकसभा क्षेत्र की भी है। फिलहाल दक्षिण मुंबई क्षेत्र से निर्वाचित सांसद अरविंद सावंत हैं, जो शिवसेना (यूबीटी) से आते हैं। पार्टी ने एक बार फिर उन्हें ही इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि दक्षिण मुंबई क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए भाजपा को भी एक ऐसे नेता की तलाश थी, जो मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए जाना जाता हो, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) से छीन कर भाजपा वह सीट अपने पाले में कर सके। राज ठाकरे के लिए भी दक्षिण मुंबई और शिरडी की सीटों पर जीत सुनिश्चित करना अब पहले की अपेक्षा आसान हो जाएगा, क्योंकि राजग में आ जाने के बाद राज ठाकरे के सामने केवल शिवसेना (यूबीटी) ही होगी, जबकि भाजपा के साथ तालमेल नहीं होने की स्थिति में उन्हें तिहरा प्रहार झेलना पड़ता-भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट वाले राजग गठबंधन का, शिवसेना (यूबीटी) एवं एनसीपी का। संभवतः इस त्रिकोणीय मुकाबले में राज ठाकरे का चुनाव जीत पाना बेहद मुश्किल हो जाता, क्योंकि भाजपा के सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट तथा शिवसेना (यूबीटी) के नेता भी हिंदुत्व एवं मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए ही जाने जाते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विवेचना

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# दिल्ली शराब नीति घोटाले का 'सच'

**अरविंद केजरीवाल को सन्नी मारवाह के बयान पर ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ्त में लिया है। पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है, वहां राजस्व नुकसान तथा निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी जमानत कब होगी, यह देखना होगा। यह राजनीतिक पसोपेश है, जो जनता के मूल मुद्दों से सम्बंधित नहीं है।**

हर राजनीतिक दल को पार्टी चलाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। यही औद्योगिक भ्रष्टाचार का मुख्य कारण है। 21 मार्च 2024, को अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 व मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। 'दिल्ली शराब घोटाला' दिल्ली सरकार से संबंधित एक राजनीतिक घोटाला है, जिसने 2021 से 2022 तक दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति की शुरूआत के माध्यम से अपना मार्ग प्रशस्त किया। यह नीति निजी फर्मों व उद्यमशील कंपनियों को खुदरा शराब क्षेत्रों में ले आई। आरोपों में निजी क्षेत्रों के मालिकों व शेयरधारकों को लाभ पहुंचाने, लाइसेंस शुल्क में छूट, कटौती के साथ नए उद्यमियों को कई लाइसेंस देना शामिल हैं।

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी द्वारा बनाई गई उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 ने इसे उत्पाद शुल्क व खुदरा शराब क्षेत्र में सुधार के रूप में पेश किया, जिससे राजस्व में 9,500 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इस नीति को कैबिनेट के मंत्रियों के एक समूह द्वारा तैयार किया गया था। जब अंतिम ड्राफ्ट मंजूरी के लिए, दिल्ली के उपराज्यपाल के सामने लाया गया तो उन्होंने इस शर्त के साथ बिल को मंजूरी दे दी कि गैर-पुष्टि क्षेत्रों में नई शराब की दुकानें केवल दिल्ली नगर निगम की अनुमति से ही खोली जा सकेंगी। नवंबर 2021 में, दिल्ली के एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि 'पहली बार सभी सरकारी स्वामित्व वाली शराब की दुकानें बंद होने जा रही हैं व इसे पूरी तरह से निजी व्यावसायिक खिलाड़ियों को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बाद में नई नीति वापस ले ली गई। आखिर क्या है दिल्ली शराब घोटाले की पृष्ठभूमि? दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिनके पास उत्पाद शुल्क विभाग भी था, दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति (2021-22) लेकर विधानसभा में आए। नीति के अनुसार इस में दिल्ली सरकार के बाहर निकलने व खुदरा एमआरपी शराब क्षेत्रों पर उसकी पकड़ कर ली। विधेयक ने निजी क्षेत्रों और उद्यमों को शराब व्यवसाय के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित किया, जिसका उद्देश्य उत्पाद शुल्क विभाग के राजस्व को बड़े प्रतिशत से अधिक बढ़ाना है। इससे नए विक्रेताओं व दुकानों को 'लीवरेज्ड लाइसेंसिंग और अधिकार प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। दिल्ली को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 आउटलेट, वितरण ठेके होंगे। इसका मतलब था कि प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता कार्यरत हैं। केजरीवाल सरकार ने यह भी कहा कि वे 'शराब माफिया को खत्म कर देंगी' व नई दुकानों पर जाने वाले उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाएगी। आउटलेट्स की उपस्थिति के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। निजी शराब की दुकानों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एमआरपी पर छूट देने की अनुमति दी गई व सुबह 3 बजे तक शराब की डिलीवरी करने का प्रावधान दिया गया। इस बिल को आगे उपराज्यपाल के हस्ताक्षर व अनुमोदन के लिए



भेजा गया, जिसे उप-राज्यपाल ने अनधिकृत क्षेत्रों पर कुछ शर्तों के साथ हस्ताक्षरित कर पारित कर दिया। सच तो यह है कि इससे आम जन अधिक शराब खरीदने लगा। आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ईडी ने दावा किया है कि के कविता ने शराब घोटाले में लाभ पाने के लिए अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसोदिया समेत अन्य शीर्ष नेताओं के साथ मिलकर साजिश रची थी। कविता और कुछ अन्य लोगों पर 'आप' को 100 करोड़ रुपये देने के आरोप हैं।


अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी शिकायतों के एक समूह पर आधारित है, जिनमें से 1 जून 2022, में दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, चौधरी अनिल कुमार द्वारा दिल्ली पुलिस में दायर की गई आपराधिक शिकायत है। सरकार को विपक्षी भाजपा व कांग्रेस से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, जिसमें कहा गया कि, सरकार ने पैसे के बदले सभी लाइसेंस बेच दिए हैं। ये आरोप लगाये गए कि सरकार ने उत्पाद शुल्क विभाग को पूरी तरह से निजी एजेंसियों को सौंप दिया है। कथित तौर पर शराब लाइसेंस धारकों को उनकी मर्जी के मुताबिक एक्सटेंशन दिया गया। यह आरोप भी लगाया गया कि नई नीतियों उत्पाद शुल्क नीतियों के विपरीत हैं। विपक्ष ने इसकी जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों से हस्तक्षेप की मांग की। मनीष सिसोदिया ने कहा, 'नई नीति के तहत अनाधिकृत क्षेत्रों सहित 849 नए आउटलेट खोले जाने हैं, जिसे राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी है।' राज्य की विपक्षी भाजपा ने एक स्टिंग ऑपरेशन वीडियो भी जारी किया, जहां एक व्यापारी, एफआईआर में आरोपी सन्नी मारवाह के पिता ने नई नीति के तहत इसे उत्पाद शुल्क बताते हुए धन इकट्ठा किया जाने का धांधली मामला बताया। भाजपा आईटी सेल ने वीडियो जारी किया व अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की आवाज उठाई कि दिल्ली सरकार में बिचौलियों व माफियाओं का नियंत्रण है। जब यह बात इतनी आगे तक बढ़ गई तो उपराज्यपाल विनय कुमार की एंट्री स्वाभाविक थी। मनीष सिसोदिया ने राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2016 में एक सरकारी खादी निकाय के अध्यक्ष रहते हुए 1,400 करोड़ रुपये के विमुद्रीकृत नोटों का आदान-प्रदान किया था। सक्सेना ने इसे निराधार बताते हुए आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार को इन तुच्छ व्यवहारों व बयानों से दूर रहने की सलाह दी। अब सीबीआई व ईडी की छापेमारी आरंभ हो गई। 20 अगस्त 2022 को सीबीआई ने आरोप निर्धारित करने के लिए डिप्टी सीएम सिसोदिया के आवासों व इस मामले से जुड़े नौकरशाहों पर छापेमारी की। 6 सितंबर 2022 को ईडी ने देशभर में 40 जगहों पर छापेमारी की। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह सत्य है कि सन्नी मारवाह के बयान पर अरविंद केजरीवाल को ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ्त में लिया है। पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है वहां राजस्व नुकसान हो कर, निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी जमानत कब होगी, यह देखना होगा। क्या ऐसा हो सकता है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनके लिए, जनता में राजनीतिक सहानुभूति उत्पन्न करे? इसकी उम्मीद कम है। शीघ्र ही दिल्ली में राष्ट्रपति शासन भी लागू किया जा सकता है। यह सब राजनीतिक पसोपेश है। देखने वाली बात है कि अरविंद की गिरफ्तारी का चुनाव पर क्या असर पड़ता है?

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला



संकलित

चिंतन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अर्जुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणेता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए, तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगीं तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अभद्र भाषा का प्रयोग क्यों

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है। उन्होंने कहा कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को बहुत से लोग प्रयोग करते हैं।

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान के पीएम के रेड कारपेट इस्तेमाल पर रोक



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्रिमंडल मामलों के प्रभाग के मुताबिक प्रधानमंत्री के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार हालांकि, इसका इस्तेमाल केवल विदेशी राजनयिकों के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में किया जा सकेगा। फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री शरीफ और मंत्रिमंडल के सदस्यों ने अपनी इच्छा से वेतन तथा भत्ते नहीं लेने का फैसला किया था।

## ऑफ बीट

# बचा खाना सेवन के लिए सुरक्षित, कैसे तय करें



बचे हुए खाने को खाना पैसे बचाने, व्यंजनों में विविधता लाने और भोजन की बर्बादी को कम करना का एक शानदार तरीका हो सकता है। मगर बचा हुआ भोजन खाना जोखिम भरा भी हो सकता है, क्योंकि यह जीवाणु के संपर्क में भी आ जाता है। अगर आपने बचे हुए खाने को सही तरीके से नहीं रखा और सही तरीके से गर्म नहीं किया तो आप विषाक्त भोजन की चपेट में आ सकते हैं, जो जानलेवा भी हो सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप बचे हुए भोजन को खाना छोड़ दें। खाने को ठीक रखने के लिए सही तरीकों का पालन कर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जब आप बचा हुआ भोजन करें तो आप सुरक्षित रहें। बचे हुए भोजन को कितनी जल्दी फ्रिज में रखा जाए? हमारी दुनिया में जीवाणु हर जगह मौजूद है, जिनमें रसोई और उनके भीतर रखे खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं। भोजन को खराब करने वाले जीवाणु पोषक तत्वों, नमी और तापमान के साथ तेजी से बढ़ सकते हैं। कुछ की संख्या 20 मिनट में दोगुनी हो जाती है। यह अहम है कि बचे हुए खाने को यथाशीघ्र और अधिकतम दो घंटे के अंदर फ्रिज या फ्रीजर में रख देना चाहिए। समय को लेकर दी गई यह सलाह इस बात पर आधारित है कि फ्रिज के बाहर के तापमान पर भोजन में जीवाणु कितनी तेजी से बढ़ सकते हैं।

## ट्रेंड

### कांग्रेस की गलतियां महंगी पड़ी



कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक गलतियां और भूलों की कीमत भारत और भारतीयों को महंगी पड़ी है। कच्चातिवु भारत की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति कांग्रेस के बचकाने दृष्टिकोण का एक और कठोर सत्य है। ऐसी पार्टी को कभी भी भारत के हितों की रक्षा करने का काम नहीं सौंपा जा सकता।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### संसार परिवर्तनशील



यह संसार नश्वर और नित्य परिवर्तनशील है। यहां कुछ भी स्थायी नहीं है। इस मरणधर्मा संसार की भांति यहाँ के वस्तु पदार्थ भी नाशवान है। इंद्रियां और मन जिन विषयों में आसक्त है, वे सभी विषय और उनके रस एक जैसे नहीं है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### देश को बचाने का चुनाव



मोदी 'मैच फिक्सिंग' से चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। वीएम के दम पर 400 पार का नारा लगा रहे हैं। जबकि हकीकत में सब मिला कर भी वह 180 पार करने की हालत में नहीं हैं। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### चरित्र निर्माण पर ध्यान दें



आपका चरित्र वही है जो आप है। आपकी प्रतिष्ठा वह है जो दूसरे आपके बारे में सोचते है। आप यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि दूसरे क्या सोचते है। इसलिए अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें। प्रतिष्ठा मिलेगी।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने आज से होगी योजना शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपए की नई योजना सोमवार से लागू होगी और जुलाई के अंत तक जारी रहेगी। इस बीच, देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम-दो) कार्यक्रम का दूसरा चरण 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है।

फेम योजना के तहत सब्सिडी 31 मार्च तक या धन उपलब्ध होने तक बेचे जाने वाले ई-वाहनों के लिए उपलब्ध होगी। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में और तेजी लाने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रिक परिवहन संवर्धन योजना 2024 (ईएमपीएस 2024) शुरू की है।

## योजना पर 500 करोड़ रुपए की राशि होगी खर्च, योजना जुलाई के अंत तक जारी रहेगी

### दोपहिया को मिलेगी 10 हजार की सहायता

ईएमपीएस 2024 के तहत प्रति दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य लगभग 3.33 लाख दोपहिया वाहनों के लिए सहायता प्रदान करना है। छोटे तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) की खरीद पर 25,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी।



### वित्तीय सहायता 50 हजार रु. तक होगी

योजना के तहत 41,000 से अधिक ऐसे वाहनों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। बड़े तिपहिया वाहन के मामले में वित्तीय सहायता 50,000 रुपये तक होगी। ईएमपीएस 2024 एक कोष के लिहाज से सीमित अवधि की योजना है।

### उन्नत बैटरी वाहनों को मिलेगा लाभ

मंत्रालय ने कहा था कि उन्नत प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन का लाभ केवल उन्हीं वाहनों को दिया जाएगा जिनमें उन्नत बैटरी लगी होगी। इस योजना से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होने की भी उम्मीद है।

### दोपहिया व तिपहिया ईवी वाहन आएंगे प्रचलन में

इसमें इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई-2डब्ल्यू) और तिपहिया वाहनों को तेजी से अपनाने के लिए चार महीनों यानी एक अप्रैल, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक के लिए 500 करोड़ रुपये का कुल व्यय किया जाएगा।

### योजना का लक्ष्य 3,72,215 ईवी को लाभ पहुंचाना

भारी उद्योग मंत्रालय ने देश में हरित परिवहन व्यवस्था और इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण परिवेश के विकास को और अधिक गति प्रदान करने के लिए 13 मार्च को इसकी घोषणा की।इस योजना का लक्ष्य 3,72,215 इलेक्ट्रिक वाहन को समर्थन देना है।

## खबर संक्षेप

### जोमैटो को 23.26 करोड़ की कर मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। इस पर ब्याज और जुर्माने के साथ यह 23,26,64,271 रुपये बैठता है।'

## समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला

# हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर निकला अदाणी समूह, अब तेजी से विस्तार के रास्ते पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अदाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है। समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है।

### कंपनी के पास सर्वाधिक 15 निजी बंदरगाह

इसकी शुरुआत 26 मार्च को अदाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई। यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है।

## ओड़िशा में बंदरगाह और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ाई



### दुनिया का सबसे बड़ा तांबा विनिर्माण संयंत्र शुरू



इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है। ये देश तेजी से तांबे का उत्पादन बढ़ा रहे हैं।

### समूह को एक समय 150 अरब डॉलर का हुआ था नुकसान

इससे समूह की कंपनियों के शेयरों में शेयर भारी गिरावट आई और बाजार मूल्यांकन में एक समय करीब 150 अरब डॉलर का नुकसान हो गया था। हालांकि, समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से आधारहीन बताया।

- समूह ने अंबानी की रिलायंस के साथ गठजोड़ किया
- मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश बढ़ाया

*गुजरात में विशाल सौर फार्म का निर्माण : एक दिन बाद, समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा में अपनी 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं शुरू करने की घोषणा की। खावड़ा वह स्थान है, जहां वह सौर ऊर्जा से 30 गीगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाएं स्थापित करने लिए एक विशाल सौर फार्म का निर्माण कर रही है। यह समूह की 2030 तक 45 गीगावॉट क्षमता का लक्ष्य हासिल करने की योजना का हिस्सा है।*

### अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी बढ़ाकर 66.7 फीसदी की

यह कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन के कम उपयोग के लिहाज से महत्वपूर्ण धातु है। ऊर्जा बदलाव के लिहाज से महत्वपूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर फोटोवोल्टिक्स (पीवी), पवन और बैटरी सभी में तांबे की आवश्यकता होती है। उसी दिन, समूह के प्रवर्तक गौतम अदाणी और उनके परिवार ने देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़ाकर 66.7 प्रतिशत करने के लिए 6,661 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की।

## पैनासोनिक बैटरी विनिर्माण के लिए आईओसीएल से हाथ मिलाएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पैनासोनिक समूह 'सिलेनड्रिकल लिथियम-आयन बैटरी' बनाने के लिए देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. (आईओसीएल) के साथ संयुक्त उद्यम बनाएगा। जापान की बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक कंपनी की समूह कंपनी पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लि. ने बयान में कहा कि उसने आईओसीएल के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। साथ ही 'सिलेनड्रिकल' लिथियम-आयन बैटरी के विनिर्माण के लिए एक संयुक्त उद्यम के गठन को लेकर रूपरेखा तैयार करने को चर्चा शुरू की है। बयान के अनुसार, 'यह पहल भारतीय बाजार में दो पहिया और तिपहिया वाहनों तथा ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए बैटरी की मांग में वृद्धि को देखते हुए की गयी है।' सिलेनड्रिकल लिथियम-आयन बैटरियों का उपयोग आमतौर पर उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली उपकरण और इलेक्ट्रिक वाहनों में किया जाता है।

KokilabenHospital KDAHMumbai
www.kokilabenhospital.com
Kokilaben Dhirubhai Ambani
hospital & medical research institute
Every Life Matters
एक वर्ष में 10,000 से अधिक बच्चे
थैलेसीमिया के साथ जन्म लेते हैं,
जो वंशानुगत विकार है जिसके कारण गंभीर एनीमिया होता है
बोन मैरो ट्रांसप्लांट
एकमात्र उपचार है
थैलेसीमिया से
आज़ादी के लिए!
हमारी सामाजिक पहल
एक समर्पित थैलेसीमिया क्लिनिक,
10 - बेड वाला बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर,
जहाँ पर अत्यंत कुशल पूर्ण कालिक डॉक्टर, नर्सें,
OT और अत्याधुनिक सुविधाएँ हैं.
बच्चों को उनका बचपन
और जीवन लौटाते हुए
300
बोन मैरो
ट्रांसप्लांट
सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए
हमारे परिणाम श्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय
मानकों के अनुरूप हैं
Contact: Ranjeet Mishra: +91 9699706506
नया दिन, एक और नई शुरुआत
Four Bungalows, Andheri (W), Mumbai 400 053
EMERGENCY +91 22 4269 9999
APPOINTMENTS +91 22 4269 6969
THE ONLY HOSPITAL IN MUMBAI HAVING FULL-TIME DOCTORS
AND ACCREDITED WITH JCI USA CAP USA NABL India NABH India

### बैंक ऑफ इंडिया ने ब्याज दर 0.10 फीसदी बढ़ायी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज पर लगने वाले ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे खुदरा समेत अन्य कर्ज महंगे होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक पांच अप्रैल को मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करेगा। बैंक ने उससे पहले ब्याज दर में वृद्धि की है। नई दर एक अप्रैल से प्रभावी होगी।

### एयरटेल की अनुषंगी पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है।

### जी टीआईसी ने 50 फीसदी कर्मियों को किया बाहर




**नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट ने अपने बेंगलुरु स्थित प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण केंद्र (टीआईसी) में लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी ने एक विशेष समिति के सुझाव के बाद यह कदम उठाया। इस समिति ने कंपनी के विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों का गंभीरता से आकलन किया था। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने कहा कि प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने लागत दक्ष ढांचा बनाने के लिए टीआईसी के 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की है।

## एचडीएफसी बैंक बेचेगा एचडीएफसी एजुकेशन

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। 'इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। समझौते में शामिल प्रस्ताव अन्य इच्छुक पक्षों से जवाबी पेशकश प्राप्त करने के लिए आधार बोली के रूप में काम करेगा...।' इसमें कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा। एचडीएफसी एजुकेशन तीन शैक्षणिक स्कूलों को सेवाएं दे रही है।

### यूएसएसडी आधारित कॉल फॉलवर्डिंग 15 से होगी बंद



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है। मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है।

## जेईई (एडवांस्ड) के विद्यार्थियों के लिए रेजोनेंस का यूनिक एचओडी बैच लीजेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा



प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश भर में विख्यात रेजोनेंस संस्थान ने कक्षा 10 वीं से कक्षा 11वीं में प्रवेश करने जा रहे एवं जेईई मेन व एडवांस्ड 2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए लीजेंड बैच की घोषणा की है। यह बैच 15 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होने जा रहा है एवं बैच के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और विद्यार्थी रेजोनेंस की वेबसाइट पर जाकर इस बैच के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस बैच की विशेषता यह है कि इसमें रेजोनेंस के सभी विभागाध्यक्ष पढ़ाएंगे जिसमें रेजोनेंस के संस्थापक व प्रबंध निदेशक आरके वर्मा (आरकेवी सर), गणित के विभागाध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल (एलके सर), केमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष शिव प्रताप रघुवंशी (एसपीआर सर), फिजिक्स के विभागाध्यक्ष भरत कुमार मटोरिया (बीकेएम सर) व गणित के प्रोफेसर व डिप्टी हेड कपिल जोशी (केजे सर) पढ़ाएंगे। यह यूनिक बैच केवल कोटा में ऑफलाइन मोड में इंग्लिश माध्यम के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाएगा।

इस बैच में विद्यार्थियों को अभ्यास कार्यक्रम की सुविधा भी प्रदान की जा रही है जिसके माध्यम से बच्चों को नियमित क्लासेस के बाद 4 घंटे तक की सेल्फ स्टडी, नियमित अभ्यास, प्रॉब्लम सॉल्विंग व होमवर्क चेकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। कोटा के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए इस बैच में हॉस्टल व मैस की सुविधा भी दी जाएगी ।

## मुथूट फाइनेंस भारत का सबसे भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2024 के अनुसार लगातार 8वें वर्ष भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी, मुथूट फाइनेंस ने भारत के नंबर 1 सबसे भरोसेमंद के रूप में मान्यता प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया।
टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट के अनुसार लगातार 8वें वर्ष वित्तीय सेवा ब्रांड (बीटीआर) 2024 मान्यता हासिल किया है। यह मान्यता मुथूट फाइनेंस की ग्राहक केंद्रित सेवा वितरण में उत्कृष्टता एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट की 13वीं श्रृंखला में 16 शहरों में 2,500 उपभोक्ता-प्रभावकों के साथ प्राथमिक शोध का परिणाम है। इस अध्ययन में 6,000 घंटे से अधिक का फ़ील्डवर्क और उनकी प्रतिक्रियाएँ शामिल थीं विश्वास के ब्रांड व्यवहार के लिए उपभोक्ताओं को शीर्ष 1000 भरोसेमंद सूचीबद्ध किया गया। भारत में ब्रांड, ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट उन असाधारण ब्रांडों का जश्न मना रही है जिसमें कि भारत में उपभोक्ताओं का विश्वास पाया गया है।

पिछले कुछ वर्षों में, मुथूट फाइनेंस ने लगातार अपने व्यवसाय का विस्तार किया है एवं संपूर्ण भारत में 6300 से अधिक शाखाओं का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। यह व्यापक उपस्थिति एनबीएफसी को 2.5 से अधिक लोगों को परेशानी मुक्त स्वर्ण ऋण प्रदान करने में सक्षम बनाया है, प्रतिदिन लाखों ग्राहक, उनकी विविध वित्तीय आवश्यकताओं को कुशलतापूर्वक पूरा करते हैं।

## बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का हुआ लोकार्पण

*सारडा एनर्जी ने किया सहयोग : रायपुर में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड ने बोन मेरो ट्रांसप्लांट को और सुदृढ़ बनाने हेतु कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत दान दिया। सारडा ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री कमल किशोर सारदा ने अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा, 'हम हमेशा अपने समुदाय के लिए महत्वपूर्ण मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं।*

**नया रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 170 बिस्तरों वाली ऑन्कोलॉजी सुविधा बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने 30 और 31 मार्च को दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ अपनी 6वीं वर्षगांठ मनाई। स्थापना वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, केंद्र ने विस्तारित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन किया, जिससे इसकी क्षमता 2 से 5 बिस्तरों तक बढ़ गई।



अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विभिन्न रक्त विकारों वाले रोगियों के लिए देखभाल का मानक है। जब कोई अन्य विकल्प नहीं बचता तो यह दोबारा ल्यूकेमिया और मायलोमा के रोगियों को आशा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, यह गैर-कैंसर आनुवंशिक बीमारियों जैसे सिकल सेल एनीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया का इलाज प्रदान करता है, जहां स्टेम सेल प्रत्यारोपण ही एकमात्र समाधान है। उद्घाटन वेदांत मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने किया, जिन्होंने टिप्पणी की, बीएमसी की बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का विस्तार क्षेत्र में कैंसर रोगियों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

पिछले दो वर्षों में, बाल्को मेडिकल सेंटर ने 60 से अधिक सफल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण पूरे किए हैं, जिनमें से 85% मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना (एमवीएसएसवाई) के तहत हैं। इंडियन सोसाइटी फॉर बोन मैरो ट्रांसप्लांट द्वारा मान्यता प्राप्त, अस्पताल मध्य भारत में बीएमटी के लिए एक रेफरल केंद्र है।

## पेज एक के शेष

### 'छूट' कहीं छूट ....

ज्यादा फायदा नहीं हो रहा था, क्योंकि पूर्व सरकार ने स्टाम्प शुल्क घटाया था, लेकिन पंजीयन शुल्क बढ़ा दिया था।

**पंजीयन शुल्क बढ़ा तो घटा नहीं-छूट भी नहीं :** पूर्व सरकार ने रजिस्ट्री में लोगों को राहत देने के लिए स्टाम्प शुल्क में 30 प्रतिशत कम किया था, लेकिन पंजीयन शुल्क 7.5 से बढ़ाकर 10.25 प्रतिशत कर दिया था। सरकार बदलने के बाद छूट को समाप्त कर दिया है, लेकिन छूट के एवज में जो पंजीयन शुल्क बढ़ाया गया था, उसे वापस घटाया नहीं गया है। इसके कारण लोगों को बढ़ा हुआ पंजीयन शुल्क के साथ स्टाम्प शुल्क भी सौ फीसदी देना होगा। इस तरह अब रजिस्ट्री महंगी पड़ेगी।

**अवकाश के दिन रजिस्ट्री पर एक हजार रुपए का एक्स्ट्रा भार :** अवकाश के दिन पंजीयन दफ्तर में रजिस्ट्री कराना लोगों को और भारी पड़ रहा है। पंजीयन विभाग अवकाश के दिन रजिस्ट्री करने पर लोगों से अतिरिक्त राशि के रूप एक हजार रुपए वसूल रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह नियम में है, इसलिए इसकी रसीद भी दी जाती है।

**केस:1 नवरात्रि का वेट कर रहे थे :** भनपुरी निवासी विनय कुमार सिंग अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ जमीन की रजिस्ट्री कराने पहुंचा था। उसने बताया कि वह नवरात्रि में जमीन की रजिस्ट्री कराना चाहता था, लेकिन दो दिन पहले अखबार के माध्यम से उसे पता चला कि छूट 31 मार्च को खत्म हो जाएगी। इसलिए उसने आनन-फानन में वकील के माध्यम से ऑनलाइन अप्वाइमेंट लेकर रजिस्ट्री कराने आया है। उसने यह भी कहा कि छूट को एकाएक खत्म करना गलत है, जबकि दो-तीन महीने पहले आदेश जारी होना चाहिए, ताकि लोग रजिस्ट्री कराने के लिए पैसों का इंतजाम कर सके। साफ्टवेयर अपडेट नहीं, इसलिए आज रजिस्ट्री नहीं : रात 12 बजे के बाद 30 प्रतिशत छूट खत्म हो जाएगा। इसके बाद एक अप्रैल से बढ़े हुए स्टाम्प शुल्क पर रजिस्ट्री होनी है, लेकिन विभाग का साफ्टवेयर अभी अपडेट नहीं हो पाया है। इस कारण 1 अप्रैल को न ही कोई ऑनलाइन अप्वाइमेंट ले पाएगा और न ही रजिस्ट्री होगी। अधिकारियों का कहना है कि आज साफ्टवेयर अपडेट कर लिया जाएगा। इसके बाद लोग अप्वाइमेंट भी ले सकेंगे।

**देर रात तक चलती रही रजिस्ट्री, आखिरी दिन छलका सरकार का खजाना :** दुर्ग में पूरे वित्तीय वर्ष में सूखे पड़े सरकार का खजाना आखिरी दिन में भर गया। दुर्ग जिला पंचायत में जहां एक दिन पहले 90 फ़ीसदी राजस्व प्राप्त हुआ था, वहीं दूसरे दिन 31 मार्च को टारगेट पूरा हो गया। देर रात रजिस्ट्री के मुताबिक 360 करोड़ से अधिक का सालाना टारगेट अर्जित कर लिया गया। आखिरी दिन 220 लोगों ने रजिस्ट्री कराकर सरकार के खजाने को भर दिया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले शनिवार को दुर्ग में 90 फीसदी राजस्व की आय जिला पंजीयक कार्यालय को इस वित्तिय वर्ष प्राप्त हुए थे। दुर्ग, पाटन और धमधा मिलाकर 360 करोड रुपए का टारगेट दिया गया था। अफसरों ने दुर्ग में ही 298 करोड़ का टारगेट था। इसमें तीस मार्च तक 255 करोड 43 लाख का आय प्राप्त हुआ है। अफसर ने बताया कि रविवार को रात 8 तक रजिस्ट्री हुई। जिसके अनुमान के आधार पर बताया गया कि, दुर्ग जिले में 360 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है।

**जगदलपुर में लक्ष्य से 108 फीसदी राजस्व मिला : जगदलपुर।** एक अप्रैल से जमीनों की दरें बढ़ने की संभावना के चलते जगदलपुर में अंतिम दिन जमीनों की रजिस्ट्री कराने के लिए खरीदार एवं विक्रेताओं की सुबह से शाम तक कार्यालय में ज्यादा भीड़ देखने को मिली।

### छुट्टी के दिन रजिस्ट्री पर ....

डाउन होने के बाद पंजीयन विभाग का सिस्टम ब्लॉक हो गया, जिससे उसकी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। उसे दोबारा बुलाया गया, लेकिन आज भी सर्वर डाउन के कारण एक घंटे विलंब से रजिस्ट्री हो रही है। उसने बताया कि छुट्टी के दिन रजिस्ट्री कराने पर एक हजार रुपए अतिरिक्त लिया जा रहा है जो गलत है।

### अवकाश के दिन .....

महिने के अंतिम तीन दिनों में सर्वाधिक लोगों की भीड़ देखने को मिली। 29 मार्च को जहां 72 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ, 30 मार्च को 98 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ और अंतिम दिन 31 मार्च को 75 से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन कर लिया गया है। पंजीयक श्रीमती प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि करीब 95 फीसदी लक्ष्य पूरा कर लिया गया है।

**रजिस्ट्री से 26 करोड़ रुपए का राजस्व शासन से मिले लक्ष्य 29 करोड़ रुपए राजस्व की पूर्ति नहीं हुई : धमतरी।** धमतरी में रविवार को उप पंजीयक कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री देर रात तक चलती रही। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 100 से अधिक रजिस्ट्री होने की संभावना बताई गई। शासन से मिले 29 करोड़ रुपए आय का लक्ष्य 10 प्रतिशत पीछे है।

### रजिस्ट्री से 26 .....

का लक्ष्य हासिल किया। टारगेट से 3 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ मिलने के बाद सन 2023-24 के लिए 29 करोड़ रुपए राजस्व आय का लक्ष्य मिला था। उप रजिस्ट्रार सुनीलकुमार देहारी ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से 28 मार्च 2024 तक 6056 दस्तावेजों की रजिस्ट्री की गई है, जिसमें विभाग को 25 करोड़ 38 लाख 7970 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

### साय आज जाएंगे दिल्ली .....

किया गया है। अब दिल्ली में होने वाली घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में शामिल होने श्री साय सोमवार को रायपुर से सुबह 8 बजे विमान से दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में बैठक में शामिल होने के बाद दिल्ली से शाम को 5 बजे रवाना होकर 7 बजे रायपुर पहुंच जाएंगे। श्री साय मंगलवार को कांकेर में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसी के साथ वे लगातार तीन दिनों तक भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होकर चुनावी सभाएं भी करेंगे।

### लोकतंत्र बचाओ रैली, ....

केजरीवाल और सोरेन के समर्थन और जांच एजेंसियों के 'दुरुपयोग के खिलाफ रामलीला मैदान में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' के मंच पर पहुंचे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की सुप्रीमो महबूबा मुफ्ती, द्रमुक के तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन एवं सागरिका घोष तथा कई अन्य दलों के नेता भी इस जनसभा में शामिल हुए। इस मौके पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मंच पर मौजूद थीं।

### प्रियंका गांधी ने ...

00 चुनाव के दौरान विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। 00 चुनावी बांड का उपयोग करके भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और धनशोधन के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक एसआईटी गठित हो जानी चाहिए

### यह परिवार बचाओ-....

आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, वे रामलीला मैदान का इस्तेमाल अपने भ्रष्टाचार के पुराने अपराधों को छिपाने के लिए कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर इसे एक शब्द में कहा जा सकता है, तो हिंदी में एक कहावत है, चोरी ऊपर से सीनाजोरी।' उन्होंने आगे कहा, 'यह 'लोकतंत्र बचाओ' रैली नहीं है, बल्कि वास्तव में यह 'परिवार बचाओ, भ्रष्टाचार, छुपाओ' रैली है।'

### शराब आज से महंगी ....

में वृद्धि की वजह ये है कि राज्य सरकार ने देशी-विदेशी मदिरा (स्प्रिट-माल्ट) के फुटकर विक्रय पर प्रति नग अधोसंरचना विकास शुल्क अधिरोपित किया है। राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा लागू गोठान के विकास एवं रखरखाव के लिए अतिरिक्त आबकारी शुल्क, ग्रामीण क्षेत्र में कोविड महामारी के फैलाव के विरुद्ध अधोसंरचना उन्नयन के लिए विशेष आबकारी शुल्क, एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी योजनाओं के वित्त पोषण के लिए अतिरिक्त आबकारी शुल्क का प्रावधान कर रखा था। मौजूदा सरकार ने इसे समाप्त करने का निर्णय लिया है।

**अंग्रेजी शराब की कीमत भी बढ़ेगी :** अधोसंरचना शुल्क लगने के बाद अंग्रेजी शराब की कीमत में भी वृद्धि होगी। हालांकि आबकारी विभाग द्वारा नई कीमतें जारी नहीं की गई हैं, लेकिन विभाग की वेबसाइट पर जो कीमतें दिख रहीं है, उसमें 750 एमएल मात्रा के लिए प्रति बोतल 120 रुपए अधिक लगेंगे।

ब्रांड - (मात्रा 750 एमएल) - 120 रुपए शुल्क के बिना
बैगपाइपर डीलक्स व्हिस्की- 550 रुपए
मैक्डॉवेल नंबर वन रम - 560
ऑफिसर्स च्वाइस - 710
इंडिया रेयर वन 670
कांटिनेंटल प्योर माल्ट व्हिस्की - 630
एरिस्ट्रोकेट व्हिस्की - 710
ओल्ड मंक रम - 700
पार्टी स्पेशल रायफल - 650
रायफल प्रीमियम - 700
मैक्डोनाल्ड नंबर वन व्हिस्की - 710
रायल ग्रीन व्हिस्की - 860
ओल्ड मंक रम- 870
बकार्डी रम - 1010
सिग्नेचर प्रीमियम - 1200
वैट - 1740
जैक डेनियल - 4330
जॉनीवॉकर स्कॉच व्हिस्की - 6010

### भ्रष्टाचारी चाहे ....

अनुसंधान संस्थान के मैदान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), अपना दल (एस), निर्बल शोषित इंडियन हमारा आम दल (निषाद) और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्षों के साथ मंच साझा करते हुए मोदी ने राज्य में लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की और सबको राम-राम (पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभिवादन का तरीका) किया।

### साय बोले-भाजपा ....

हमने मोदी जी की सभी प्रमुख गारंटियों को सांय-सांय पूरा किया और लोकसभा चुनाव के बाद भी मोदी की गारंटी के बचे हुए प्रमुख वादों को सांय-सांय पूरा करेंगे। उन्होंने जनता से भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रूपये और 500 रुपये में सिलेंडर देने के वादे को भी पूरा करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल ने महादेव को भी नहीं छोड़ा। सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रुपए का प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर है और एफआईआर भी दर्ज हुआ है। ऐसे लोगों को लोकसभा चुनाव में भी सबक सिखाना है।


### सरकारी कर्मचारियों ....

कोटा निर्धारित किया गया था। राज्य शासन ने इन नियमों में संशोधन कर दिया है। याचिकाकर्ताओं को सहायक अभियंता बिलासपुर के पद पर पदोन्नत किया जाना है। याचिकाकर्ता सब इंजीनियर (सिविल) हैं और वे डिग्री धारक हैं। मान्यता प्राप्त राज्य इंजीनियरिंग कालेज और नेशनल इंजीनियरिंग कालेज से डिग्री हासिल की है।

### पदोन्नति के लिए .....

निर्धारित उपरोक्त कोटा में संशोधन किया है और सभी उप-अभियंताओं को अलग-अलग कोटा आवंटित किया गया है।


## राशिफल


**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।


**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।


**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।



**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।


**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।


**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।


**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# उड़ेगी चीन और पाकिस्तान की नींद

## सेना की पश्चिमी कमान ने किया आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने कम दूरी की जमीन से हवा में मारने में सक्षम आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। पूर्णतः स्वदेशी रूप से विकसित आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। आकाश को कई तरह के मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार 31 मार्च को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह भारत के रक्षा बलों के ताकत को बढ़ाने और परिचालन का आकलन करने के लिए नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में किया गया, जो सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है। सेना ने मिसाइल परीक्षण का एक वीडियो भी जारी किया है। इस परीक्षण के बाद जाहिर तौर पर चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने वाली है। आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है।




**आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा कदम**

*आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देने के लिए आकाश मिसाइल प्रणाली को डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया था। गौरतलब है कि आकाश मिसाइल को इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (आईजीएमडीपी) के तहत विकसित किया गया था, जिसमें नाग, अग्नि और त्रिशूल मिसाइल और पृथ्वी बैलिस्टिक मिसाइल का विकास भी शामिल था। आकाश मिसाइल प्रणाली को भारत की ताकत से जोड़कर देखा जा रहा है।*

### जमीन से हवा में मार करने में सक्षम

आकाश कम दूरी वाली जमीन से हवा में मारने वाली मिसाइल है। आकाश मिसाइल भारत की आत्मनिर्भरता की अहम कड़ी है। ये ताकतवर कम दूरी वाली मिसाइल है जो करीब 25 किमी तक जमीन से हवा में मार करने में सक्षम है। आकाश 90 प्रतिशत एक्यूरेसी के साथ लक्ष्य को मारता है। आकाश को कई तरह के मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। इसे युद्धक टैंक और ट्रकों से भी लॉन्च किया जा सकता है।

### कई हवाई लक्ष्यों को साधने में सक्षम

आकाश मिसाइल सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली पूरी तरह से स्वायत्त मोड में काम करते हुए कई हवाई लक्ष्यों को साध सकती है। प्रणाली में एक लॉन्चर, एक मिसाइल, एक नियंत्रण केंद्र, एक बहुक्रियाशील अग्नि नियंत्रण रडार, एक प्रणाली हथियार और विस्फोट तंत्र, एक डिजिटल ऑटोपायलट, सी4आई (कमांड, नियंत्रण संचार और खुफिया) केंद्र और सहायक जमीनी उपकरण शामिल हैं।

## भारत की जय जयकार कर रहे पाकिस्तानी मछुआरे

**इस्लामाबाद।** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में एक बार फिर पाकिस्तानी मछुआरों की जान बचाई है। दरअसल, ये मछुआरे एक ईरानी जहाज अल-कंबर पर काम करते थे, जिसका सोमालियाई समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद भारतीय नौसेना बंधक बनाए गए ईरानी पोत और चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत 23 पाकिस्तानी नागरिकों को समुद्री लुटेरों के खिलाफ 12 घंटे से अधिक चले अभियान के बाद छुड़ा लिया। इस अभियान में भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमेधा और गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल युद्धपोत शामिल थे।

अपनी जान बचाने पर पाकिस्तानी मछुआरे इतने खुश हुए कि वे इंडिया जिंदाबाद और इंडियन नेवी जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। वीडियो में पाकिस्तानी मछुआरों के बीच बैठा एक शख्स बोलता है, " मैं अमीर खान हूं। मैं मास्टर हूं इस लॉन्च का अल इस्लाम बोट है। मैं ईरान से निकलकर आ रहा था समंदर। मुझे सुबह सोमालियों ने हाइजैक किया हुआ है। कल दोपहर तीन बजे से इंडियन नेवी मेरे पीछे लगी हुई है। पूरी रात उन्होंने काम किया। इंडियन नेवी ने मुझे आजाद कर दिया है, सोमालियों को निकाल दिया है। अभी मैं आजाद हूं। इंडियन नेवी का शुक्रिया।"

## समझौते के बावजूद उग्रवादी संगठन यूएनएलएफ ने नहीं किया सरेंडर

मणिपुर में कई हिंसक गतिविधियों में शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूएनएलएफ (पी) चार महीने पहले केंद्र के साथ युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करने के बावजूद हथियार सौंपने या अपने सदस्यों की सूची देने में विफल रहा है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। साथ ही दावा किया गया कि मणिपुर हिंसा में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट का हाथ हो सकता है। राज्य अधिकारियों के साथ तीन दौर की बातचीत के बाद भी यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (जो युद्धविराम पर सहमत होने वाला



पहला मैतेई आतंकवादी संगठन है) ने पिछले 29 नवंबर को समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से सहमत शर्तों का पालन नहीं किया है। संघर्ष विराम के बावजूद यूएनएलएफ (पी) के सदस्यों के कारण मणिपुर में जारी हिंसा पर सुरक्षा एजेंसियों ने चिंता जताई है।

### सुरक्षा बलों ने इन मांगों को किया खारिज

सुरक्षा एजेंसियों ने शिविरों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी और तलहटी पर शिविर स्थापित करने पर यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट की आपत्ति को खारिज कर दिया। अधिकारियों ने यूएनएलएफ से हथियार सौंपने और स्थानांतरण के लिए सदस्यों की एक सूची प्रदान करने का आग्रह किया है। हाल की रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि यूएनएलएफ के सदस्य आदिवासी आबादी को निशाना बनाने के लिए कुकी बस्तियों के पास शिविर स्थापित कर रहे हैं, जिससे तनाव बढ़ रहा है।

## जगन्नाथ मंदिर में जबरन घुसने की कोशिश, ब्रिटिश नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा पुलिस ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने और मंदिर के अंदर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। विदेशी पर्यटक की पहचान लंदन के वंड्सवर्थ के थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में हुई है। आरोपी ने शनिवार को 12वीं सदी में निर्मित दक्षिण भारत के इस मशहूर मंदिर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने की कोशिश की थी। पुलिस ने बताया कि गैर-हिंदू होने की वजह से उसे मंदिर में प्रवेश करने से रोका गया, तो उसने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इस मंदिर में गैर-हिंदुओं को प्रवेश की अनुमति नहीं है। पुरी के सिटी डीएसपी प्रशांत कुमार साहू ने कहा, "हमने विदेशी पर्यटक को हिरासत में ले लिया है।

## छात्र को मिला 46 करोड़ का टैक्स नोटिस

**नई दिल्ली।** पैन कार्ड के मिसयूज को लेकर एक अजब मामला सामने आया है। दिल्ली और मुंबई में ग्वालियर के एक छात्र के पैन कार्ड से कंपनी रजिस्टर की गई है, जो 2021 से संचालित है। लेकिन इसकी जानकारी छात्र या उसके परिवार को नहीं हुई। इसकी जानकारी तब हुई, जब आयकर विभाग ने छात्र के पास 46 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस भेजा।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगढ़ संभाग**

**// विद्युत बंद की सूचना //**

आगामी चैत्र नवरात्रि मेला पर्व 2024 को ध्यान में रखते हुए वितरण केन्द्र डोंगरगढ़ शहर के अंतर्गत आने वाले 33 एवं 11 के.व्ही. फीडरों का ट्री कटिंग एवं मेंटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लाईन मेंटनेंस का समय :- सुबह 09:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक है।

| क्रं. | दिनांक | फीडर का नाम | सबस्टेशन का नाम | प्रभावित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.04.2024 | 11 के.व्ही. मंदिर फीडर | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ | छिरपानी बस्ती कालकापारा, मिसियाबाड़ा बधियाटोला इत्यादि। |
| 2 | 03.04.2024 | 11 के.व्ही. जेल फीडर | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ | रामनगर, महावीरपारा, खण्डुपारा, आदर्श नगर, सुभाष वार्ड मोचीपारा, बंगालीपारा, कण्डरापारा, जेल रोड़, भुरवाटोला एवं इस फीडर में आने वाले समस्त वार्ड |
| 3 | 04.04.2024 | 33/11 के.व्ही. अछोली सबस्टेशन | 132/33 के.व्ही. अछोली | 33/11 के.व्ही. अछोली उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 4 | 06.04.2024 | 33 के.व्ही. डोंगरगढ सबस्टेशन एवं छुरिया फीडर | 132/33 के.व्ही. डोंगरगढ़ | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ एल.बी. नगर, मेंढ़ा सड़क चिरचारी एवं कोठीटोला उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |

नोट :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।
"बिजली की बचत ही, बिजली का उत्पादन है"

एन.के. साहू
कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टेट.पा.डिस्ट्री.कं. लिमि. डोंगरगढ़



**छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्री कंपनी लिमि., राजनांदगांव**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्या0 - कार्यपालन अभियंता ( संधा. एवं संचा.) संभाग, राजनांदगांव
( दूरभाष क्रमांक ( 07744 ) 225160, फैक्स नं. (07744) 225160)

क्र. 013/11-00 / सामान्य /12316 — **:: आवश्यक सूचना ::** — राज. दिनांक 28/03/2024


सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक उनके आगे दर्शाई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा :-

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 02.04.2024 (मंगलवार) | 11 के.व्ही. टाउन-2 फीडर | आरा मशीन रोड, बी. के. नगर, जी.ई. रोड, गंजु रोल, एफ. सी. आई. गोदाम रोड रायपुर नाका, भाजपा कार्यालय, स्टेट बैंक कॉलोनी, |
| | | 11 के. व्ही. रामदरबार फीडर | नेहरू नगर, एफ. सी. आई. गोदाम के आसपास, जी.ई. रोड, शंकर नगर, एबीस होटल के आसपास का क्षेत्र, शिवनाथ कालोनी। |
| | | आर. के. नगर | जीवन की कॉलोनी, मुक्तागिरि, अर्बन रेसीडेंसी कलेक्ट्रेड बंगला, एस. पी. बंगला, एबीस, जीवन हाईट्स, जज कॉलोनी, पिसेस प्राईड एवं आस-पास के क्षेत्र |
| 02 | 03.04.2024 (बुधववार) | 11 के.व्ही. टाउन-1 फीडर | स्टेशन रोड, पुराना सिविल लाईन, टाका पारा, वेसलियन स्कूल के आस पास नगर निगम स्टेट स्कूल माहावीर चोक किका भाई कॉम्प्लेक्स, गौरी नगर फाटक के आस-पास |
| | | बल्देवबाग | न्यू सिविल लाईन एरिया, बल्देव बाग, बी.एन.सी मिल, तुलसीपुर एवं आस-पास के क्षेत्र |
| 03 | 04.04.2024 (गुरूवार) | 11 के.व्ही. टाउन-3 फीडर | जलाराम मंदिर, कैलाश नगर, पी.डब्लु.डी. आफिस, गोरी शंकर पेट्रोल पंप, सिटी कोतवाली माहामाया मंदिर, गुरूकृपा चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कीका भाई चौक, इमाम चौक, जुनी हटरी. भगवती फर्नीचर, सुरजन वकील गली, कामठी लाईन, शनि मंदिर, हमाल पारा रणवीर बीड़ी कारखाना स्टेटबैक, |
| | | सिटी फीडर | अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, सोनारपारा, दीवनपारा, पुराना हॉस्पिटल एवं आस-पास के क्षेत्र |
| 04 | 05.04.2024 (शुक्रवार) | 11 के.व्ही. कैलाश नगर फीडर | मठपारा, चाकलेट फैक्टरी, पेट्रोल पंप, मठपारा रोड, कैलाश नगर, यूनाइटेड हास्पिटल पुराना बस स्टैंड रोड, बस स्टैंड, भरका पारा, अग्रसेन भवन, काली मंदिर चौक, कसाई पारा फुलवारी चौक, रामाधीन मार्ग, |
| | | कमला कॉलेज | लक्ष्मीनगर, सृष्टी कॉलोनी, खण्डेलवाल कॉलोनी, कुंजबिहार कॉलोनी, नीलगिरी पार्क, विवेकानंद नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कमला कॉलेज, कौरिनभाठा स्कूल एवं आस पास के क्षेत्र |
| 05 | 06.04.2024 (शनिवार) | 11 के. व्ही इंडस्ट्रीयल फीडर | मठपारा रोड, प्रेम नगर, लखोली नाका, शान्ति अपार्टमेंट, फेस 1-2 बर्फ फेक्ट्री, गंजलाईन, तिरंगा चौक, लोहार पारा, भरका पारा, उदयाचल रोड, पुराना गंज चौक, |
| | | ग्रीनसिटी फिडर | ग्रीन सिटी कॉलोनी, समता कॉलोनी, डोगरगांव रोड, महेश नगर गांधी नगर, ग्रीन हाइट्स, कौरिनभाठा एवं आस-पास के औद्योगिक कनेक्शन। |
| 06 | 07.04.2024 (रविवार) | 11 के. व्ही. विकास नगर फीडर | विकास नगर, राजीव नगर, संजय नगर, दूर्गा चौक, कोठारा पारा, चक्की पारा, संतोषी नगर अटल आवास, कन्हारपुरी |
| | | अटल विहार | आठवी बटालियन, ट्रांसपोर्ट नगर रेवाडीह बस्ती इस्कान बिहार अटल आवास एवं आस-पास के क्षेत्र |
| 07 | 08.04.2024 (सोमवार) | 11 के. व्ही. लखोली फीडर | राहूल नगर जनता कालोनी, केशरनगर पटेल कालोनी गायत्री स्कूल. रोटी नगर, लखोली रोड। |
| | | 11 के. व्ही. चिखली फीडर | दीनदयाल नगर विखली. शंकरपुर मुदलियार कॉलोनी, स्टेशन पारा एवं आस-पास के क्षेत्र |

टीपः- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है।
"असुविधा के लिए खेद है।"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए"

आलोक दुबे (8543001)
कार्यपालन अभियंता (संघा / संधा) संभाग
छ.ग.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि राजनांदगांव


## शब्द पहेली - 5468



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5467 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | र | ज | क | ता | ■ | ■ | म | वा | ली | ■ |
| स | म | ■ | ल | ■ | चा | ला | न | ■ | ख | त |
| मा | ■ | ■ | प | ना | ह | ■ | न | ■ | ■ | म |
| न | ज | रा | ना | ■ | ■ | म | ■ | क | या | स |
| ता | ■ | व | ■ | ना | ला | य | क | ■ | प | ■ |
| ■ | प्रा | ण | ■ | म | ■ | खा | ■ | जा | न | ■ |
| ■ | रु | ■ | आ | ज | मा | ना | ■ | हि | ■ | म |
| स | प | ना | ■ | द | ■ | ■ | ब | ल | वा | न |
| र | ■ | ■ | स | ■ | ल | की | र | ■ | ■ | भा |
| ल | व | ■ | न | सी | ब | ■ | सा | ■ | दा | व |
| ■ | ध | म | की | ■ | ■ | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल- 5479

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5478 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |


भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India
चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
आइए मतदान करें
गर्व के साथ
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार
~97 करोड़ पंजीकृत मतदाता
~10.5 लाख मतदान केंद्र
~1.5 करोड़ मतदान अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी
QR कोड स्कैन करें और मतदाता शपथ लें
इस QR कोड को स्कैन करके और #IVoteForSure का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करें तथा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में अपनी शपथ दर्ज कराएँ
मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें
1950
मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तारीख जानने के लिए QR कोड को स्कैन करें
#IVoteForSure
#MeraVoteDeshKeLiye
fb.com/ECI
@ecisveep
youtube.com/eci
/company/election-commission-of-india-official
@ecisveep
Election Commission of India



# मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

**मुंबई।** देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

लाइफ Style



# कृति

## विद्या संग काम करने की चाह

अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज़ के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलेट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।

हॉलीवुड मसाला



# अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



# मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी —सुविधा हमारी—

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजूकेशन स्पेशल

SACHDEVA NEW ERA COLLEGE
RAIPUR : 0771-4080090
BHILAI : 0788-2261687
FREE* CRASH COURSE
NEET/PAT
JEE
EFFECTIVE STUDY MATERIAL
● BEST RESULTS
● BEST FACULTY
MEDIUM : ENG./HINDI
SUMMER/REGULAR COURSE
X-XI-XII
CBSE/CG BOARD

**आवश्यकता है-** इनोवा क्रिस्टा टैक्सी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी ड्राइवर ही **सम्पर्क करे महावीर नगर तेलीबांधा** 7470308181 7697800066 (RO-4404)

**आवश्यकता है-** कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स कंपनी में कार्य करने हेतु आवश्यकता- ड्राइवर- 2 पद, (पिकअप एवं 407 चलाने हेतु) कार ड्राइवर- 1 पद, **संपर्क- विशाल एंटरप्राइजेज, मोवा, रायपुर-** 9165718065, 9981691919.(RO-085)

### महिला टेलर

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में लेडिस कपड़े की सिलाई हेतु महिला टेलर की आवश्यकता है। बायोडाटा के साथ संपर्क करें। **पताः सुरम्य फैब्रिक्स, गुरुद्वारे के सामने, कटोरा तालाब, रायपुर। मो.:** 8767454277 (RO-4287)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर :** 7772011223. (RO-3919)

### टीचर

**आवश्यकता है-** महारानी लक्ष्मी बाई विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तीन दर्शन मंदिर कैंप एक को सभी विषय शिक्षकों की आवश्यकता है। **विद्यालय में बायोडाटा सहित संपर्क करें।**(आरो न.-439)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान मे काम करने वास्ते लड़के एवं लड़कियो कि जरूरत है, एकाउंटेंट, दुकान में काम करने पढ़े लिखे स्टाफ कि आवश्यकता है **संपर्क समय सुबह 12;00 से 5:00** 9827881003, 7974716022.(RO-1900)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** किताब दुकान में सेल, दुकान कार्य हेतु परमानेंट पार्ट / फुल टाइम युवक / लड़को की आवश्यकता है। वेतन 5 अंको में । **जैन बुक डिपो, सदर बाजार।** 8109535868 (RO-398)

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्र नगर स्थित सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं (अकाउंटेंट) कंप्यूटर कर्मी बिल बनाने हेतु की आवश्यकता है **न्यू राजेंद्र नगर के आसपास रहवासी को प्राथमिकता संपर्क:-** 9770417778.(RO-2621)

### सेल्समेन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन 7, सेल्सगर्ल 3, कम्प्यूटर ऑपरेटर 1, ड्राईवर 1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य, वेतन 6000- 20000/- + कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता, **विरदीचंद मानकलाल कंकालीपारा संपर्क समय** 10.30 - 9.30, **मो.,**9425522577, 9425522576 (RO-M)

### टेक्नीकल/सेलस कार्य

**आवश्यकता है-** सिम्फनी कूलर मे टेक्नीकल लड़कों की सर्विस एवं सेल्स कार्य हेतु एवं वेल्डर की वेतन 20,000 **श्री साईं इन्टरप्राइजेज कबीर नगर रायपुर संपर्क-** 9300006401, 8319443253 (RO-3949)

### सप्लायर

**आवश्यकता है-** एजेंसी में कार्य करने हेतु सप्लायर की आवश्यकता है मेहनती व अनुभवी लड़के **संपर्क करें गोयल मार्केटिंग महामाया मंदिर के पास पुरानी बस्ती रायपुर संपर्क-** 8966910009 (RO-3948)

### ऑपरेटर/फिटर

**आवश्यकता है-** कोमोरी लेथ्रान 426 ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है। ऑपरेटर- 1,फिडर मैन-1,कटिंग मैन-1, हेल्पर-1, मार्केटिंग-2, शीघ्र **संपर्क करें मो.-75661-00099 रायपुर** (आरो न.-441)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### प्रूफ रीडर/ आपरेटर

**आवश्यकता है-** अजय माला प्रकाशन संस्था हेतु (1) प्रूफ रीडर जिसे पुस्तक या न्यूज़पेपर रीडिंग में अनुभव (2) डीटीपी ऑपरेटर जिसे हिंदी, अंग्रेजी में स्पीड टाइपिंग सहित पेजमेकर, कोरल ड्रा में अनुभव आवश्यकता है। **संपर्क :- सुबह 11- 5 बजे, अजय प्रकाशन, पंजाब नेशनल बैंक के बाजू, सिविल लाइन, रायपुर , मोबाईल** 7978852526, 6264301822 (RO-288)

### हेल्पर/मैकेनिक

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित सर्विस सेंटर को फ्रिज तथा ए. सी. सुधारक चाहिए हेल्पर - 4 पद, मैकेनिक - 2 पद काम सीखने के इच्छुक भी **संपर्क करें मो.** 9893210882. (RO-M)

### टेक्नीशियन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** CCTV टेक्नीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन 8000/- से 15000/- DIGITAL WORLD DURG, 88391-50501, 98279-71445.(आरो न.- SPD/769)

### लेबर

**तत्काल आवश्यकता है-** राजनांदगांव के पास मछली फार्म में रहकर काम करने के लिए परिवार वाले लेबरों की। **संपर्क करें:- मो.-97702-61337** (आरो -6056)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** कानपुर झांसी में ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास लड़के चाहिए सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रेल किराया आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाए 15000 से 20000 **सम्पर्क बिलासपुर** 8770508791, 7225815090, 6266578863.(RO-33512)




**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वी, स्नातक लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा **सम्पर्क करें- सरकण्डा बिलासपुर** 9575712101, 7970225494.(RO-33483)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर-** 8602908677, 7477221345, **बिलासपुर** 9993444253, 8359913999, **रायगढ़-** 7869755871.(RO-2586)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टावर

**टॉवर लगवाए-** (Daimend ऑफर) छत्तीसगढ़ वासियों अपनी खाली जमीन छत प्लॉट पर 4G /5G टावर लगवाये एडवांस 70,00,000/- किराया 60,000/- 2 नौकरी सरकार द्वारा रेजिस्ट्रेट कंपनी **संपर्क करें मोबाइल नंबर:-** 06397308856, 7668628202.(RO-2618)

### Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठें मानना, ग्रहकलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119. (RO-12599)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

### Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा मे 750 वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ स्वतंत्र नया मकान एव रायपुरा सत्यम विहार कॉलोनी डायवर्सन किया हुआ 1100 फुट प्लॉट बेचना है **संपर्क :-** 9300505421, 9993451070. (RO-om)

### भूमि

**भूमि बेचना है- फार्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। भिलाई- दुर्ग से नज़दीक बिरेझर में 11000 sqft. के साइज में फ्रेश कटिंग प्लॉट मात्र 111/- रू. psqft. मो. न.** 9827423470(आरो न.-440)

### किराया

**किराये से देना है-** कांदुल रोड अक्षत विहार Theresian School के पास रायपुर सर्वसुविधायुक्त 2BHK, बोर, पोर्च सहित स्वतंत्र मकान किराये से देना है। **संपर्क-** 7987723080, 7725885584 (RO-1169)

### Appointment आवश्यकता

### वेल्डर/फिटर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** ऑल छत्तीसगढ़ ऑफिस कार्य, वेल्डर, कटर, फिटर, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी, गार्ड, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, इंजीनियर, सभी 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 12000- 40000/- परमानेंट कंपनी हेतु मेडिकल +रहना फ्री व्यापार **विहार बिलासपुर.** 9111965184.(RO-2610)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर में 18 चक्का ट्रेलर एवं 16 चक्का हाईवा एव लोडर चलाने के लिए बाहर के ड्राइवर की आवश्यकता है। कृपया पीने वाले **संपर्क न करें।** 9993714953, 8839375073, 9644260856. (RO-1170)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** स्कूल बस चलाने हेतु हैवी लाइसेंस/ बैचधारी अनुभवी ड्राइवर, पुरुष कंडक्टर एवं महिला कंडक्टर की आवश्यकता है। **मदर्स प्राइड स्कूल, सुंदर नगर, रायपुर। सम्पर्क करें-** 7389358588. (RO-077)

**आवश्यकता है-** कचांदुर (जेवरा) प्लांट में कार्य करने हेतु पिकअप, ट्रेक्टर, जेसीबी ड्राइवर, सुपरवाइजर, मार्केटिंग बॉय एवं पद्मनाभपुर दुर्ग ऑफिस हेतु ऑफिस स्टाफ और अकाउंटेंट की आवश्यकता है **संपर्क-** 7441199337.(आरो न- 3410)

**आवश्यकता है-** रायपुर शहर हेतु कुशल, अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनीनगर, रायपुरा निवासी को प्राथमिकता। केवल स्थायी रूप से काम करने के इच्छुक ही लाइसेंस, आधार कार्ड सहित **संपर्क करें :-** 9329100263. (RO-21454)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नही होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध मे उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD — 01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
Colour 20% Extra Charge For Disply
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र



1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
- आई.व्ही.एफ.
- इक्सी
- आई.यू.आई.
- लेप्रोस्कोपी
- हिस्ट्रोस्कोपी

संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

# बोपन्ना सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, मियामी ओपन जीत बने वर्ल्ड नंबर-1

एजेंसी ▶▶| मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता।

इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 बरस की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया।

- इबडेन के साथ जीता पुरुष युगल का खिताब
- डोडिग-ऑस्टिन को 6-7(3), 6-3, 10-6 से हराया

### 26वां युगल खिताब

यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।



*'यह आश्चर्यजनक है। हम इन बड़े आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, हम इसी के लिए खेलते हैं। मैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उस रिकॉर्ड को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।'*


*- रोहन बोपन्ना*

### 26वां युगल खिताब

*यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।*

## छठी बार जीता एटीपी मास्टर्स

बोपन्ना ने छठी बार एटीपी मास्टर्स जीता है। बोपन्ना ने साल 2011 में पहली बार पाकिस्तान के एसम-उ-हक- कुरेशी के साथ जीता था। इसके बाद से बोपन्ना ने साल 2012 पेरिस, 2015 मैड्रिड, 2017 मोन्टे कार्लो और साल 2023 में इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था। एटीपी मास्टर्स नौ टेनिस टूर्नामेंट्स की एक सीरीज है। ग्रैंड स्लैम जीतने पर 2000 पॉइंट मिलते है, वहीं, मास्टर्स जीतने पर 1000 पॉइंट्स एड होते हैं।



### दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन

रोहन बोपन्ना ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का टाइटल जीता था। 43 साल के बोपन्ना अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू इबडेन के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मेंस डबल में चैंपियन बने। इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे। इससे पहले उन्होंने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ फ्रेंच ओपन में मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

363 चौके

242 छक्के

### इंडियंस को राजस्थान के खिलाफ वापसी का भरोसा

**मुंबई।** हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी। मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाए जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा।

## तीन मैचों में दो जीत से चौथे स्थान पर टाइटंस

# गुजरात ने हैदराबाद को 7 विकेट से रौंदा, मोहित बने मैच के हीरो

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

डेविड मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 44 रन की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने बी साई सुदर्शन (45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।





### राशिद गुजरात के बेस्ट गेंदबाज

राशिद खान गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। राशिद के खाते में 49 विकेट हो गए हैं। उन्होंने मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने गुजरात के लिए 48 विकेट चटकाए थे। अहमदाबाद के मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राशिद ने चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया। राशिद ने 14वें ओवर में हेनरिक क्लासेन को बोल्ड किया। राशिद खान ने मैच में शानदार फील्डिंग भी की। उमेश यादव की गेंद पर एडन मार्करम का राशिद खान ने शानदार डाइव लगाकर कैच लपका।

### एक भी फिफ्टी नहीं बनने से मिली हार

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान पैट कमिंस ने कहा, /"अच्छा क्रिकेट मैच रहा। अंत में काफी टाइट मुकाबला रहा। शायद हमको 10 से 15 रन और बनाने चाहिए थे। मुझे लगता है कि गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी ओर से कोई भी बल्लेबाज फिफ्टी नहीं लगा सका। हमको आज लगा कि पिच थोड़ा स्लो खेलेगी और ऑफ कटर्स असरदार रहेगी। हमारे पास 8 बॉलिंग ऑप्शन भी मौजूद थे। हालांकि, मेरे हिसाब से पिच दोनों ही पारियों में एक जैसा खेली। पिछले कुछ मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा था, लेकिन आज वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक का दर्शन बो अजमतुल्लाह | 16 | 14 | 3 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो नूर अहमद | 19 | 17 | 2 | 0 |
| अभिषेक का गिल बो मोहित | 29 | 20 | 2 | 2 |
| मार्कराम का राशिद बो उमेश | 17 | 19 | 0 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 24 | 13 | 1 | 2 |
| अहमद का तेवतिया बो मोहित | 22 | 20 | 1 | 1 |
| अब्दुल समद रन आउट | 29 | 14 | 3 | 1 |
| सुंदर का राशिद बो मोहित | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 162/8
गेंदबाजी : उमरजई 3-0-24-1, उमेश यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का कमिंस बो शाहबाज | 25 | 13 | 1 | 2 |
| गिल का समद बो मार्कंडेय | 36 | 28 | 2 | 1 |
| सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस | 45 | 36 | 4 | 1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 44 | 27 | 4 | 2 |
| विजय शंकर नाबाद | 14 | 11 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 19.1 ओवर में 168/3
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1.

खास खबर

### दिल्ली की पहली जीत, चेन्नई की पहली हार



**विशाखापट्टनम।** कप्तान ऋषभ पंत (51 रन) ने अर्धशतक जड़कर लय हासिल की। पिछले दो मैच गंवाने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रन से हराकर इस सत्र में अपना खाता खोल लिया। दिल्ली के लिए डेविड वार्नर (52 रन) और पृथ्वी शॉ (43 रन) ने पहले विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। कैपिटल्स ने पांच विकेट पर 191 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके छह विकेट पर 171 रन ही बना सकी। यह सीएसके की इस सत्र में तीन मैच में पहली हार है। वॉर्नर ने आईपीएल करियर का 62वां अर्धशतक लगाया। वहीं, वॉर्नर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की। वॉर्नर और गेल दोनों ने टी20 में 110-110 बार 50+ का स्कोर किया है। वहीं, विराट कोहली 101 50+ के स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। पृथ्वी का कैच धोनी के टी20 कॅरियर का बतौर विकेटकीपर 300वां शिकार रहा। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर हैं।


### श्रीलंका ने बिना शतक के बनाया टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर



**चटग्राम।** बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच चट्टोग्राम के मैदान पर खेला जा रहा है। रविवार को श्रीलंका ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 531 रन बनाए। श्रीलंकाई टीम की तरफ से पहली पारी में किसी भी प्लेयर ने शतक नहीं जड़ा। श्रीलंकाई टीम ने इस मैच में टेस्ट का हाईएस्ट स्कोर बनाया और भारत का 48 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया। भारत ने 1976 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 524/9 का स्कोर बनाया था, जिसे अब श्रीलंका ने तोड़ दिया। ऐसे में श्रीलंकाई टीम के किसी बैटर ने पहली पारी में शतक नहीं जमाया और बिना सेंचुरी के श्रीलंका ने टेस्ट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंकाई टीम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 531 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से सबसे ज्यादा रन विकेटकीपर बल्लेबाज कुशल मेंडिस ने बनाए। उन्होंने 150 गेंदों में 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। कामिंदु मेंडिस 92 रन की नाबाद पारी खेलकर लौटे। उन्होंने 167 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाए। दिमुथ करुणारत्ने के बल्ले से 86 और कप्तान धनजंय ने 70 रन बनाए। दिनेश ने 59 और निशान ने 57 रन का योगदान दिया।

## हार्दिक-सलीमा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी अशोक को पिता के नाम का ध्यानचंद अवार्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा।

### अवार्ड विजेता खिलाड़ी

| खिलाड़ी | अवार्ड |
|---|---|
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर |
| सलीमा टेटे | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| पी आर श्रीजेश | सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर |
| हरमनप्रीत सिंह | सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर |
| अभिषेक | सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड |
| अशोक कुमार | लाइफटाइम अचीवमेंट |

### पीसीबी ने बाबर को बनाया टी20 और वनडे का कप्तान



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को टी20 विश्व कप से दो महीने पहले रविवार को फिर से सफेद गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया। बाबर टी20 कप्तान के रूप में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह लेंगे, जिन्होंने जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 1-4 की हार में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद लिया गया। पीसीबी ने कहा, 'पीसीबी की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के सफेद गेंद प्रारूप (वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय) कप्तान नियुक्त किया है।' पीसीबी प्रमुख नकवी के साथ लाहौर में हाल ही में एक बैठक के दौरान, बाबर ने कथित तौर पर अपने कार्यकाल को लेकर आश्वासन के साथ टेस्ट टीम का कप्तान भी नियुक्त करने की मांग की थी।

### भारत में मुझे अभी तक नहीं हुई कोई समस्या

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की पूर्व सहयोगी यानेक शॉपमैन ने भले ही हॉकी इंडिया पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया हो लेकिन उन्हें इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है और उन्हें हर तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है।

HMS साइटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुदमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेसर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999490384, 7042974029

डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी सेंटर
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointment No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
मो. 9179455561, 9039050422

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133





# पेट दर्द से बेहाल था शख्स, सर्जरी होने पर अंदर से निकली जिंदा ईल मछली

एजेंसी ▸▸| वियतनाम

लोगों को अक्सर पेट में दर्द की शिकायत रहती है, जिससे निजात पाने के लिए वे डॉक्टरों के पास जाते हैं। हालांकि, कई बार डॉक्टर समस्या का समाधान तलाशते-तलाशते खुद हैरत में पड़ जाते हैं। दरअसल, वियतनाम से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर सभी लोग दंग हैं। यहां एक शख्स के पेट में दर्द उठा, जिसके चलते वह डॉक्टर के पास गए। जब डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी की तो उनके पेट से एक ईल मछली निकली।

## इस तरह मरीज के शरीर में घुसी ईल मछली

इस खतरनाक जीव के पेट में मिलने के बाद डॉक्टरों ने मरीज से सवाल किए कि आखिर मछली उनके पेट में कैसे गई। हालांकि, उनके पास इस बात का कोई जवाब नहीं था। डॉक्टरों का मानना है कि यह ईल मछली उनके गुदा में प्रवेश करके आंत को काटती हुई उनके पेट में प्रवेश कर गई होगी। डॉ. फाम मान हंग ने इस मामले को बेहद दुर्लभ बताया है। बता दें, ईल मछली एक लंबी और पतली मछली होती है।



## एक्स-रे से पेट में जीव होने का लगा पता

वियतनाम के रहने वाले 34 साल के व्यक्ति को पेट में ऐंठन हुई, जिसके बाद उन्हें क्वांग निन्ह प्रांत स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड से पता चला कि उसके पेट में कोई जीव है। शुरूआती जांच में डॉक्टर यह पता नहीं लगा सके कि वह कौन-सा जीव था, लेकिन उसके कारण व्यक्ति की आंतों में छेद और पेरिटोनिटिस हो गया था। साथ ही उनकी पेट की अंदरूनी परत में सूजन आ गई थी।



## पेट से निकली 30 सेमी. की जिंदा ईल मछली

मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन करने का फैसला किया। सर्जरी के दौरान मरीज के पेट में 30 सेंटीमीटर लंबी ईल मछली मिली, जो अविश्वसनीय रूप से जिंदा भी थी। डॉक्टर उस मछली को सफलतापूर्वक पेट से निकालने में कामयाब रहे और व्यक्ति की हालत में सुधार हुआ। इस पर डॉक्टर ने कहा, हम हैरान थे कि ईल मछली को निकालते समय भी वह जिंदा थी।

## पहले भी मिले हैं लोगों के शरीर में जीव

पिछले साल डॉक्टरों को एक आदमी की आंतों के अंदर जीवित मक्खी भिनभिनाती हुई मिली थी। 63 साल के मरीज अमेरिका के मिसौरी में नियमित कोलन कैंसर स्क्रीनिंग के लिए गए थे। जब जांच वाला कैमरा व्यक्ति कि बड़ी आंत तक पहुंचा, तब डॉक्टरों ने पाया की उसमें जिंदा मक्खी है। इसके अलावा अमेरिका में एक व्यक्ति के सिर में टेपवर्म के अंडे भी पाए गए थे। ये अंडे अधपका सूअर का मांस खाने से हुए थे।

# रोचक खबरें

## एक विवाह ऐसा भी : शख्स ने आपस में जुड़ी दो बहनों से रचाई शादी, 3 साल बाद खुला राज

**न्यूयार्क।** एबी और ब्रिटनी हेंसेल नाम की दो बहनें हैं, जो आपस में जुड़ी हुई हैं यानी उनके दो सिर हैं, पर धड़ एक ही है। अब ये दोनों बहनें अपनी शादी को लेकर काफी चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि दोनों बहनों ने तीन साल पहले जोश बॉलिंग नाम के शख्स से शादी की थी, जिसका खुलासा अब हुआ है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों बहनें पहली बार चर्चा में तब आई थीं, जब साल 1996 में वो ओफ्रा विन्फ्रे के शो में नजर आई थीं। उन पर एक खास टीवी शो भी बन चुका है, जिसमें बताया गया है कि कैसे वो आम लोगों की तरह ही अपनी जिंदगी जी रही हैं और बेहद खुश हैं।



**शादी करके खुश हैं तीनों :** दोनों बहनों की उम्र फिलहाल 34 साल है और सबसे दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने शादी भी कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी शादी को तीन साल हो चुके हैं, लेकिन इसका खुलासा अब जाकर हुआ है। इन जुड़वां बहनों ने एक ही शख्स से शादी की है, जिसका नाम जोश बॉलिंग है। जोश पहले अमेरिकी सेना में थे, लेकिन अब एक नर्स के तौर पर किसी अस्पताल में काम कर रहे हैं। जोश अपनी दोनों पत्नियों यानी एबी और ब्रिटनी के साथ मिनेसोटा में रहते हैं।

## बाइक पर सोफा सेट करके बुजुर्ग ने किया आराम लोग बोले- इस लेवल का सुकून चाहिए बस

**नई दिल्ली।** एक जुगाड़ वाली तस्वीर इन दिनों लोगों के बीच तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति बाइक पर जुगाड़ के जरिए सोफा सेट को बांधकर उसमें लेटे नजर आ रहे हैं। जिसे देखने के बाद हर कोई हैरान है और कमेंट कर इस पर अपनी प्रतिक्रिया दिए जा रहे हैं। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि एक बाइक पर सोफा को जुगाड़ के जरिए सेट किया गया है। इस तस्वीर में सबसे हैरानी की बात ये है कि यहां शख्स मजे से सोता हुआ नजर आ रहा है। शख्स को देखकर ऐसा मालूम पड़ता है जैसे उसे गिरने का कोई डर ही नहीं है। वायरल हो रही इस इस फोटो के साथ कैप्शन लिखा, 'बस जीवन में यही सुकून चाहिए' इस फोटो को देखने के बाद दो यूजर्स दो जगह बंट गए हैं। कई यूजर्स ने इस जहां शख्स के टैलेंट की तारीफ की तो वहीं तो कुछ लोगों ने इसके विपरीत अपनी अलग राय रखी है। एक यूजर ने लिखा, ' इस शख्स के दिमाग की जितनी तारीफ की जाए उतना ही कम है। वहीं दूसरे ने लिखा अगर गलती से गिर गए ना तो चोट बड़ी भंयकर लगने वाली है। एक अन्य यूजर ने लिखा अगर इस लेवल का सुकून मिल जाए तो जिंदगी जन्नत बन जाए। इसके अलावा और भी कई यूजर्स ने इस पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



**रहस्य**

फल पकने के बाद एक बम की तरह होता है विस्फोट

# अनोखे पेड़, कोई खिसक जाता है अपनी जगह से तो किसी का आकार अनूठा

**नई दिल्ली।** दुनिया में एक से बढ़कर एक अजीबोगरीब चीजें हैं, जिनके बारे में जानकर विश्वास कर पाना मुश्किल हो जाता है। कई चीजों से जुड़े रहस्यों का पता लगाने में तो वैज्ञानिक भी असफल हो चुके हैं। आपने अब तक कई रहस्यमयी किले, झरने, नदियों और जगहों के बारे में सुना होगा, लेकिन आज हम आपको दुनियाभर के अनोखे पेड़ों के बारे में बताने जा रहे हैं। इनमें से किसी की बनावट विचित्र है तो किसी का आकार अनूठा है।

## वॉकिंग पाम पेड़

यह पेड़ अमूमन दक्षिण अमेरिका में देखने को मिलता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'सोक्रेटिया एक्सोराइजा' है। इस पेड़ के बारे में कहा जाता है कि यह हर साल अपनी जगह से 20 मीटर तक आगे खिसकता है। इसके पैर नहीं हैं, बल्कि इसका कारण पेड़ की जड़ें हैं। इस पेड़ का एक ही तना होता है और इसकी नई जड़ें आते ही यह थोड़ा आगे की ओर खिसक जाता है।



## मेथुसेलह पेड़

दुनिया के सबसे पुराने पेड़ के नाम से जाने जाना वाला मेथुसेलह पेड़ अमेरिका के पूर्वी कैलिफोर्निया के सफेद पहाड़ों में पाया जाता है। इन पेड़ों की उम्र 5,000 साल तक होती है और इन्हें किसी भी नुकसान से बचाने के लिए वन अधिकारियों द्वारा इनका सटीक स्थान अज्ञात रखा गया है। अमेरिका की कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों को सहन करते हुए मेथुसेलह पेड़ वातावरण को अनुकूलित बनाए हुए हैं।





## सेर्बेरा ओडोलम पेड़

ये पेड़ एशिया के कई देशों सहित भारत में पाए जाते हैं। इन पेड़ के फल के कारण इसे 'सुसाइडल पेड़' के नाम से जाना जाता है क्योंकि ये बहुत ही जहरीला होते हैं। अगर कोई भी इंसान गलती से पेड़ के फल को खा ले तो इसके तुरंत बाद ही उल्टियां होने और हृदय गति बढ़ने जैसी समस्या हो जाती है, जिससे व्यक्ति की जान जाने का भी खतरा होता है।

## ड्रैगन पेड़

ड्रैगन पेड़ की बनावट काफी अनोखी है। इस पेड़ का आकार किसी ड्रैगन की तरह नहीं है, बल्कि कुछ बारिश के छातों जैसा दिखता है। यह अनोखा पेड़ मुख्य रूप से कैनरी आईलैंड और मैक्सिको में पाया जाता है और यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि ये काफी धार्मिक महत्व रखता है। इन पेड़ की उम्र तकरीबन 650 से 1000 साल के बीच होती है।



## पोषमवुड पेड़

पोषमवुड पेड़ उत्तर और दक्षिण अमेरिका सहित अमेजन वर्षावन में पाए जाते हैं। पोषमवुड खतरनाक होने के साथ-साथ किसी को भी हैरान कर सकते हैं क्योंकि इन पर उगने वाले फलों में पकने के बाद एक बम की तरह विस्फोट हो जाता है। फल के फूटते के बाद इसके बीज लगभग 257 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा में फैल जाते हैं। अगर कोई इंसान इसकी चपेट में आ जाए तो वो गंभीर रूप से घायल हो सकता है।



# जानवरों को आपने सोते देखा है, लेकिन क्या आप जानते हैं चिड़िया कैसे सोती है

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



आपने अपने आसपास कई जानवरों को सोते हुए देखा होगा। खासतौर से गाय, कुत्ते, बिल्ली व अन्य पालतू जानवर आपको सोते हुए बड़ी आसानी से दिख जाएंगे।

आपने पक्षी को सोते हुए भी देखा होगा लेकिन आपको बताते हैं कि पक्षी कैसे और कब सोते हैं। इसके साथ ही आपको बताएंगे कि दिन में सोने वाले पक्षियों को क्या कहते हैं और रात में सोने वाले पक्षियों को क्या कहते हैं.

## दिन में सोने वाले और रात में सोने वाले अलग

पक्षियों को रात और दिन में सोने के हिसाब से दो ग्रुपों में बांटा गया है। ये दो ग्रुप हैं ड्यूरनल और नॉक्टर्नल। वैज्ञानिकों की मानें तो ज्यादातर पक्षी ड्यूरनल ही होते हैं। ड्यूरनल मतलब वो पक्षी जो दिन में जागते हैं और रात में सोते हैं। जबकि कुछ पक्षी नॉक्टर्नल होते हैं। नॉक्टर्नल ग्रुप में वो पक्षी होते हैं जो दिन में सोते हैं और रात में जागते हैं। उल्लू इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

## दो चरणों में सोते हैं पक्षी

एक्सपर्ट्स के मुताबिक पक्षी दो चरण में सोते हैं। पहले चरण को स्लो वेव स्लीप कहते हैं। इसमें पक्षी हल्की नींद में होते हैं। यानी अगर इनके आसपास जरा सी भी हरकत हुई तो ये तुरंत जाग जाएंगे। जबकि दूसरा चरण रैपिड आई मूवमेंट का होता है। इसमें पक्षी गहरी नींद में सोते हैं और सपनों की दुनिया में खो जाते हैं। हालांकि, ये नींद बेहद कम समय के लिए होती है। पक्षी ऐसी नींद मात्र 16 सेकंड के लिए लेते हैं लेकिन 16-16 सेकंड की ये नींद वो कई बार लेते हैं।

## क्या उड़ते समय भी पक्षी सो सकते हैं?

ये सवाल शायद आपको अटपटा लग रहा हो, लेकिन ये सच है कि कुछ पक्षी ऐसे होते हैं जो उड़ते समय भी आधी नींद में होते हैं। साल 2016 में कुछ वैज्ञानिकों ने ये खोज की थी कि एक समुद्री पक्षी जिसे फ्रिगेटबर्ड कहते हैं वो उड़ते समय भी सो सकती है। हालांकि, ये पक्षी सोते समय अपनी एक आंख खुली रखते हैं, ताकि वो किसी चीज से टकरा ना जाएं और अपने शिकारियों से भी बचे रहें।








मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371




महिलाओं की मुश्किल
जटिल समस्याओं
का स्थायी समाधान अभी कॉल करें
7710644444



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com